e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 10, अंक 101

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार

14.04.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23


**सुविचार**

वह व्यक्ति जिसे खुद पर भरोसा होता है, वही आखिरकार दुसरो का भी भरोसा जीतने में कामयाब रहता है।


असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030


**रोज़ा का समय**

| | | |
|---|---|---|
| इफ्तार | (14/04/23) | 06:10 |
| सेहरी | (15/04/23) | 04:04 |


Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR


**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36° |
| न्युनतम | 22° |

### वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. रांची के निदेशक पर्षद की हुई द्वितीय बैठक

# वनोपज वृक्षों का तैयार करें डेटाबेस : हेमंत सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में वनोपज आधारित उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर जीविका का महत्वपूर्ण स्त्रोत बनाया जा सकता है। ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित एवं संग्रहित उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने पर बल दें। सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड राज्य में कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी, फल, इमली, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, लाह, महुआ, करंज, रेशम सहित अन्य का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण तथा क्रय-विक्रय हेतु मार्केटिंग की कारगर व्यवस्था तैयार करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी तथा वन क्षेत्र की भूमि पर कौन से वनोपज का कितना वृक्ष है, तथा उन वृक्षों के उत्पादों का उपयोग किस समूह द्वारा किया जा रहा है इसका डेटाबेस तैयार करें। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में आयोजित सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि0 रांची के निदेशक पर्षद की द्वितीय बैठक में अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहीं। बैठक में सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि0 के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य के 12 जिलों में लाह प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही राज्य में मेडिसिन प्लांट जैसे चिरईता, जामुन, अश्वगंधा, आंवला इत्यादि को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## राज्य के 12 जिलों में लाह प्रसंस्करण को किया जा रहा है प्रोत्साहित



### ये रहे मौजूद

बैठक में कृषि मंत्री बादल, अपर मुख्य सचिव एल.ख्यानग्ते, प्रधान सचिव मुख्यमंत्री वंदना डाडेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव के.श्रीनिवासन, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि0 के सीईओ श्री संजीव कुमार, सचिव जयप्रकाश शर्मा तथा झास्कोलैम्प, झामकोफेड एवं वेजफेड तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### लैम्प्स-पैक्स के लेवल पर लोगों का किया जा रहा है क्षमतावर्द्धन

बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि लैम्प्स/पैक्स के लेवल पर ग्रामीण लोगों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस वर्ष के अंत तक राज्य में 30 हजार लोगों का क्षमतावर्द्धन किए जाने का लक्ष्य है जिसे पूरा कर लिया जाएगा। राज्य के ए ग्रेड वाले लैम्प्स/पैक्स की संख्या को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि0 निरंतर जिला संघ के साथ बैठक आयोजित कर कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है साथ ही साथ सर्वे का कार्य भी प्रारंभ है। बैठक में सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि0 के चयनित लोगो की स्वीकृति भी दी गई।

# आईएएस छवि रंजन सहित 22 ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आईएएस अधिकारी और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और उनके कई रिश्तेदारों के साथ-साथ कई जमीन कारोबारी और अंचल अधिकारियों के घरों पर गुरुवार को ईडी ने एक साथ दबिश दी. ये छापेमारी रांची, जमशेदपुर के साथ-साथ कुछ अन्य शहरों में भी हुई. रांची के हिंदपीढ़ी में भी ईडी की टीम छापेमारी की. सेना जमीन खरीद में फर्जीवाडा के मामले में भी ईडी मनी लाउंड्रिंग के पहलूओं पर जांच कर रही है.सेना से मिले दस्तावेजों के मुताबिक जमीन की खरीद बिक्री में बड़ी गड़बड़ी की पुष्टि हुई है. ईडी इस मामले में तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी और घासीराम पिंगुआ से पूछताछ कर चुकी है. रांची के बरियातू थाने में नगर निगम के बयान पर दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने करमटोली में सेना की 4.55 एकड़ जमीन के गलत तरीके से बेचे जाने के मामले में ईसीआईआर दर्ज की थी. इसके साथ ही जमीन के अन्य मामले में भी ईडी ने कई सीईओ, अंचल निरीक्षक व राजस्व कर्मचारी का घर खंगाला.

### बड़गाई सीआई के घर से मिले कई अहम दस्तावेज, ईडी ने लिया हिरासत में

ईडी को बड़गाई सीआई भानु प्रताप के सिमडेगा स्थित घर से जमीन संबंधी कई दस्तावेज मिले हैं. जिसके बाद ईडी की टीम भानु प्रताप प्रसाद को अपने साथ ले गई है. ईडी के टीम ने पत्रकारों के कोई सवाल का जवाब नहीं दिया. भानु प्रताप प्रसाद को ईडी ने हिरासत में लिया है. ईडी की टीम उन्हें अपने साथ वाहन पर बैठाकर सिमडेगा से रांची की ओर निकल गई है. इसको लेकर संभावना जताई जा रही है कि भानु प्रताप प्रसाद से ईडी की टीम पूछताछ करेगी. सीआई भानू प्रताप के सिमडेगा स्थित घर से जमीन संबंधी कई दस्तावेज ईडी ने बरामद किये हैं. बताया जा रहा है कि सीआई भानू प्रताप जमीन संबंधी कागजातों को घर में छिपाकर रखता था.

## संक्षिप्त खबरे

### पंडवा में आठवीं बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** जैक द्वारा संचालित आठवीं बोर्ड परीक्षा गुरुवार को पंडवा के छ परीक्षा केंद्रों राउमवि मुरमा, मध्य विद्यालय पंडवा, मध्य विद्यालय लामीपतरा, उच्च विद्यालय लामीपतरा, प्लस टू सूरत उच्च विद्यालय लोहड़ा व राउमवि गाड़ी खास में आयोजित कि गई। परीक्षा में कुल 980 परीक्षार्थी शामिल हुए तथा 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पंडवा बीईईओ बलराम पाठक ने कहा कि सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। बच्चों को केंद्र पर मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया गया। कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने में बीपीएम जरीना परवीन बीआरपी सुभाष ओझा, ओमप्रकाश सिंह, सीआरपी दिनेश सिंह, राजन कुमार सहित केन्द्राधीक्षक अनिल कुमा सिन्हा, दिव्या टोप्पो, नंदकुमार मेहता, प्रमोद ठाकुर, अंजली सेंगर, संजय कुमार मेहता का अहम योगदान रहा।

# पांकी विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने नीलाम्बर पीताम्बरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में, सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी पंचायत प्रभारी बैठक में उपस्थित हुए और कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिये धन्यवाद स्वरूप सभी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। साथ में पलामू के भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने सभी को सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित पलामू के जिलाध्यक्ष विजय आनंद पाठक, पांकी विधानसभा के भाजपा जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, तरहसी प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, नीलाम्बर-पीताम्बरपुर प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी जी, प्रसिद्ध सिंह, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, मनातू सांसद प्रतिनिधि बिगू साव, रंजय ठाकुर, रोशन सिंह, साधू मांझी, संजय चंद्रवंशी, चंदन सोनी, राजदेव मेहता, सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह, अनिल मेहता, अजय उरांव, अशोक यादव, सुधीर तिवारी, देवराज कुमार साव, दिलीप मेहता, शैलेंद्र सिंह, बाबूलाल सिंह, विनोद राम, गोपाल यादव, धर्मेन्द्र मेहता, समाजसेवी विरेंद्र मेहता, अमारिक भुइयां, जितेंद्र मेहता, प्रभास मेहता, रविरंजन मेहता, अनेकों देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** चैनपुर प्रखंड में बनेगा 19 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र उपायुक्त ने लिया फैसला। उपायुक्त ऐ डोडे के नेतृत्व में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया कि चैनपुर प्रखंड अंतर्गत 19 स्थानों पर मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना की जाएगी इस सूची के अनुसार चांदो, चांदो आर्ट, चटीपरक, जयनगरा, शाहपुर, पतरिया कला, मच्छरचाचानी, कोसियारा, बोड़ी, करसो, हुटार कला, नगवा, बसरिया कला, मढ़ीचचानी, बुधीबीर, रबदा, पूर्वडीहा, सोकरा और पतरिया कला में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किया जाएगा। इस आंगनबाड़ी केंद्र में सभी मूल्य रूप सुविधा के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिला प्रशासन ने इसके बाबत डीएम एफडी फंड से इस को विकसित करने के लिए फैसला लिया है। जिसके लिए चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी की आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। इनमे 18 स्थानों पर ग्राम सभा के माध्यम से सहमति भी ले ली गई है पतरीया कला में ग्राम सभा का आयोजन जल्द ही किया जाएगा और इसके सहमति लेकर अगरतर करवाई की जाएगी।

### जंगल से भटककर गांव में आ गए हिरण को ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जंगल में भटक्कर जख्मी हालत में पिपराही गांव पहुंचा एक हिरण, ग्रामीणों ने वन विभाग को किया सुपुर्द। रामगढ़ थाना क्षेत्र के पिपारही गांव में एक हिरण जंगल से भटककर जख्मी हालत में गांव में पहुंच गया।जिसके बाद ग्रामीणों ने उसका रेस्क्यू किया और जख्मी हिरण का ग्रामीण चिकित्सा दल के द्वारा इलाज भी कराया गया। ग्रामीणों ने इस पूरे बात की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन वन रच्छी संदीप दोदराय को दी और उप मुखिया ललन यादव को भी दी। जिसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में हिरण का संपूर्ण रेस्क्यू किया गया और उसे इलाज के बाद वन विभाग के पधाधिकारी को सौप दिया गया। मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन ने ग्रामीणों के प्रशंसा करते हुवे कहा ग्रामीणों ने बहुत बेहतर कार्य किया है और उनकी इस कार्य के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। ग्रामीणों ने हिरण का सह-समय उसका रेस्क्यू किया और उसका इलाज किया और उसे वन विभाग को भी सौप दिया गया।

### दो साल से सिर्फ कागजों पर चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में पर्यवेक्षिका के लापरवाही के कारण आंगनबाड़ी केंद्र को सेविका सरस्वती देवी एवं सहायिका पुनिया देवी के द्वारा मनमानी ढंग से केंद्र को चलाया जा रहा है। प्रखण्ड के कैलान पंचायत के मंगरदह आंगनबाड़ी केंद्र कागजो पर पिछले दो साल से चल रहा है। ग्रामीणों ने सेविका के सामने हीं आंगनबाड़ी केंद्र के पोल खोल डाली। ग्रामीणों ने कहा कि सेविका सहायिका द्वारा पिछले दो साल से आंगनबाड़ी केंद्र खोला हीं नही जा रहा हैं। सेविका प्रतिदिन ड्रेस पहनकर आकर आंगनबाड़ी केंद्र के पास कपड़े धोती है और चली जाती है। जबकि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में तीस बच्चे का नामांकन है।ग्रामीणों का तो यहां तक कहना है कि पिछले दो साल के अंतराल में बाल विकास परियोजना से कोई आया ही नही।इस बात का जिक्र प्रवेक्षिका ने भी अपने बयान में किया है।जब सेविका सरस्वती देवी से पूछा गया तो उसके बताया कि जब से महुआ का सीजन शुरू हुआ है तब से ही बच्चे नही आ रहे हैं। जब सहायिका के बारे में पूछा गया तो सेविका ने बताया कि वो घर पर है। वहीं पर्यवेक्षिका के आने की बात पूछा गया तो बोली कि हमको नही पता कि कब आई थी। इस संबंध में जब पर्यवेक्षिका रिंकी कुमारी से पूछा गया तो बोला गया कि हमको जानकारी नही है कि आंगनबाड़ी केंद्र खुल रहा है कि नही। जांच के बाद ही कुछ बता पाएंगे। इस संबंध में जब सीडीपीओ सह बीडीओ जयपाल महतो से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हमको इसकी जानकारी नहीं है जांचोप्रान्त पर्यवेक्षिका एवं सेविका पर कारवाई करेंगे।

# ट्रांसफार्मर शॉर्ट सर्किट से आग के चपेट में आकर गेहूं के चार सौ बोझा जलकर हुआ खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के ताली गांव निवासी 60 वर्षीय कृष्णा साह पिता स्वर्गीय बंगाली साह के खलिहान में 11 अप्रैल मंगलवार की अर्ध रात्रि को खलिहान में रखे लगभग 400 सौ बोझा गेहूं बिजली ट्रांसफार्मर कि शॉर्ट सर्किट से आग की चपेट में आकर सभी गेहूं का बोझा जलकर खाक हो गया। भुक्तभोगी कृष्णा साह ने बताया कि हम सभी परिवार अपने घर पर सोए हुए थे इसी दौरान अर्ध रात्रि में पास के ही बिजली ट्रांसफार्मर से जोरदार आवाज हुआ जिससे हम परिजनों को नींद खुला तो देखा की हमारे खलिहान में भीषण आग लगा हुआ है। तत्काल हम सभी परिजन एवं आस-पड़ोस के लोग वहां पहुंचे तब तक आग पूरे खलिहान को अपने चपेट में ले लिया था। फिर भी हम सभी लोग आग बुझाने के लिए प्रयास में जुटे परंतु आग देखते ही देखते पूरा खलिहान को चपेट में लेकर 2.5 बीघे की 400 बोझा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गया। उन्होंने कहा कि हम सभी परिजनों के द्वारा काफी मेहनत कर फसल को तैयार किया गया था परंतु हम सभी परिजनों का वर्षो का निवाला छीन गया जिससे हमारी परिजनों में भुखमरी की स्थिति मंडराने लगा है। वहीं उन्होंने संबंधित प्रखंड प्रशासन से इस सम्बंध में मदद की गुहार लगाई है। इस दौरान मौके पर ब्रह्मदेव कुमार, कृष्णा साह, रविंदर साह, बेचू साह, रामसेवक साह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

# पाण्डू भाजपा मंडल ने हेमंत सरकार का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** बुधवार के दिन पांडू भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह के अध्यक्षता में वर्तमान झारखण्ड सरकार का पुतला दहन किया गया। कहा यह तानाशाही, निक्कमी, भ्रष्टाचारी, डरपोक, युवाविरोधी, किसान विरोधी सरकार है। कल ये सरकार की करतुत पुरा झारखंड व देश देखा कि कैसे भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता शांतिपूर्वक तरिके से सचिवालय घेराव का कार्यक्रम कर रहे थे, परन्तु अपने इशारे पर पुलिसिया बल से सैकड़ो कार्यकर्ताओ को घायल करने का कार्य किया. इसी के विरोध मे आज पूरे झारखंड में तानाशाही हेमंत सरकार का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन किया। मौके पर उपस्थित मंडल उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह, मंत्री विमल चंद्रवंशी व सुखदेव राम, कार्यालय मंत्री बिरेंद्र सिंह, OBC मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनमोहन पांडेय, स्ट मोर्चा अध्यक्ष सरयू पासवान, युवा मोर्चा महामंत्री मिथुन साह कोषाध्यक्ष मनोज राम, वरिष्ठ भाजपा C B नारायण सिंह, अलख नारायण सिंह,प्रमोद सिंह, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र विश्वकर्मा व अंकित सिंह, विनोद प्रजापति, सतीश पासवान, अशोक सिंह, सुनेश्वर प्रजापति, उदय चंद्रवंशी, नरेश चौधरी, लखन चंद्रवंशी, नन्देव सिंह, राजेंद्र चंद्रवंशी, अयोध्या ठाकुर, गोपाल ठाकुर, गुड्डू ठाकुर के साथ-साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में पूर्व विधायक गंभीर रूप से घायल मिलने पहुंचे मंत्री मिथिलेश



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डाल्टनगंज शाहपुर गढ़वा मुख्य सड़क पर झुरा गांव में गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे हुई सड़क दुर्घटना में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की हालत में सुधार बताया जा रहा है। घटना के उन्हे सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में घायल पूर्व विधायक के शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी है। बता दे की पूर्व विधायक अपने महिंद्रा स्कॉर्पियो पर सवार होकर डाल्टनगंज से शाहपुर के रस्ते से गढ़वा की ओर आ रहे थे।इसी बीच झूरा गांव में विपरीत दिशा से आ रही पिकअप गाड़ी को साइड देने के क्रम में उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई। हालांकि भगवान की शुक्र रहा कि महिंद्रा स्कॉर्पियो गाड़ी का एयर बैग खुल गया जिससे उसपर सवार पूर्व विधायक, चालक समेत बाल बाल बच गए। लेकिन गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से आनन-फानन में पूर्व विधायक को इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया था।घटना की जानकारी मिलने पर सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सदर अस्पताल पहुंचकर घायल पूर्व विधायक का हाल-चाल जाना।

## ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने किया पनसाला का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** शहर के सदीक मंजिल चौक स्थित बस स्टैंड में पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भोजपुर हाउस के द्वारा पनसाला का उद्घाटन किया गया। पनसाला का उद्घाटन पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, टीओपी टू प्रभारी रुद्रानंद सरस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित रूद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के द्वारा हर वर्ष सदीक मंजिल चौक बस स्टैंड के पास पनसाला का उद्घाटन किया जाता है,ताकि इस भीषण गर्मी में बस चालक सहित राहगीरों को पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकना ना पड़े। उन्होंने कहा कि इस पनसाला का देखरेख भोजपुर बस के मालिक उत्सव किरण करेंगे, इनके द्वारा प्रतिदिन पनसाल्ला में पानी भरवा दिया जायेगा। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कहा कि सभी समर्थ लोगों को इसके लिए पहल करनी चाहिए। कहा कि गर्मी का प्रकोप इन दिनों बढ़ गया है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के द्वारा पनशाला का उद्घाटन सराहनीय पहल है। मौके पर ट्रैफिक एएसआई जगमोहन बांद्रा, ट्रैफिक मुंशी संतोष कुमार गुप्ता, सहायक पुलिस के जवान अमित कुमार, शीतल कुमार, कुणाल दुबे, धर्मेंद्र सिंह, हरेंद्र कुमार, अंतेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जलसहिया के साथ बैठक प्रखंड कोडिनेटर ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार मे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु आंकड़ा संग्रह को लेकर जल सहिया के साथ प्रखंड कॉर्डिनेटर जय प्रकाश सिंह ने बैठक आयोजित किया। प्रखंड कॉर्डिनेटर श्री सिंह ने बताया कि स्वच्छता के लिए ठोस एवम तरल अवशिष्ट प्रबंधन के लिए आंकड़ा का संग्रह अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के लिए बनी कमिटी विलेज वाटर एंड सैनिटेशन कमिटी का खाता बंद कराने, नए शौचालय निर्माण हेतु ऑनलाइन इंट्री की जांच पर चर्चा किया गया।उन्होंने कहा कि सब की सामूहिक सहभागिता से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छता भारत मिशन अभियान को आगे बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर ब्रजेश सिंह, जल सहिया सबिता देवी, प्रियंका देवी, शारदा देवी, पूनम देवी, सुशीला देवी, शांति देवी, मालती देवी समेत कई अन्य जल सहिया मौजूद थी।

## लंबित आवास योजना को लेकर हुसैनाबाद एसडीओ ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद( पलामू) :** लंबित आवास योजनाओं को पूर्ण कराने को लेकर हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार मे अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह, अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम ब्लॉक कोडीनेटर एवम सभी मुखिया ,सभी पंचायत सचिव , अभी स्वयं सेवक उपस्थित थे। बैठक मे एसडीओ ने विभिन्न पंचायतों मे अधूरे पड़े आवास योजना के कार्यो की समीक्षा की करने के बाद नाराजगी जताते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि लाभुकों का हर हाल मे अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पंचायत के मुखिया को आवास निर्माण कार्य मे रुचि लेकर सहयोग करने की बात कही। बैठक मे मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवन राम, अम्रेंदर ठाकुर, विजय राम, रामजी राम, लखन यादव, मनोज भारती, अत्मेश कुमार सिंह, अशोक कुमार चौधरी, अशोक यादव, प्रशांत सिंह, नरेश कुमार पासवान पंचायत सेवक, शिवनाथ राम, वशिष्ठ तिवारी, समेत कई लोग शामिल थे।

# तोलरा महादेव नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल विजेता बना केतात क्रिकेट टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव स्थित रामानुज हाई स्कूल के मैदान में आयोजित महादेव नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैंच गढ़वा व केतात क्रिकेट टीम के बीच बुधवार की रात खेला गया। गढ़वा क्रिकेट टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। साथ हीं निर्धारित 12 ओवर का मैच खेलते हुए 92 रन बनाए। की टीम खेला गया। फाइनल मैच खेलने मैदान में उतरी। मैदान पर पहुंचे टीम टूर्नामेंट में फाइनल खेला भीसमे गढ़वा को हराकर केतात ने कप पर कब्जा किया फाइनल मैच में दोनों टीम के बीच काफी रोचक खेल हुआ। गढ़वा के टीम टॉस जीतकर बलेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवर में गढ़वा की टीम दस विकेट खोकर 92 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी केतात की टीम 2 विकेट खोकर 4 ओवर शेष रहते 7 विकेट से अपनी जीत दर्ज कर ली। विजेता केतात क्रिकेट टीम को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी सह समाजसेवी विकास दुबे ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं मैन ऑफ द मैच रवि शंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे व सिरीज़ का खिताब विजेता टीम के आयुष को दी गई। मैच में एम्पायर की भूमिका अरुण तिवारी व विनीत तिवारी का शानदार प्रदर्शन रहा। इसके पूर्व आयोजित महादेव नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन पूर्व विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी सह समाजसेवी विकाश दुबे ने किया। श्री दुबे ने कहा कि क्रिकेट युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय खेल बन चुकी है। ग्रामीण इलाके के बच्चों में क्रिकेट खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। लेकिन अच्छे मार्गदर्शन व जरुरी संसाधन की कमी के कारण बच्चों की प्रतिभा में निखार नहीं आ पाता। नतीजतन मायूस होकर अपनी प्रतिभा को आगे नहीं ले जा पाते। उन्होंने सरकार व जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर खेल प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशिक्षित करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर खेलने में सहयोग करें। ग्रामीण क्षेत्र में भी सचिन व धोनी जैसे खिलाड़ियों की कमी नहीं है। बस उचित प्लेटफार्म के अभाव में वे लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। विदित हो कि महादेव नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 27 मार्च से शुरू किया गया था। जिसमें 32 क्रिकेट टीम ने भाग ली थी। बुधवार को फाइनल क्रिकेट मैच गढ़वा केतात क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। मौके पर अरुण दुबे , रिशु दुबे, टुनटुन दुबे , विजय राम, झुनू चौबे, विकास तिवारी , पंकज द्विवेदी , प्रवीण मिश्रा, सेठ चौबे, सोनल पासवान, मनोज टाईगर सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# 2 माह से जलमीनार खराब, पानी की किल्लत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड मुख्यालय से महज चंद कदम की दुरी पर अवस्थित बुका गाँव में 14 वें वित्त आयोग की राशि से लगी हुई दोनों सोलर जलमीनार पिछले दो माह से खराब है, वहीँ चापानल भी पिछले 15 दिनों खराब पड़ी हुई है। जिस कारण स्थानीय ग्रामीणो को पेयजल और घरेलू काम काजो में उपयोग होने वाली पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। इस टोले में स्व. राजेंद्र प्रसाद राउत एवं शिव स्थान चबूतरा के पास लगी सोलर जलमीनार एवं चापानल बीते कई माह से खराब है। लेकिन इसकी सुध लेना आजतक किसी ने नहीं समझा है। गर्मी के दस्तक शुरू होते ही सोलर जल मीनार खराब हो चुकी है, इसे दुरुस्त करवाने के लिए कई बार मौखिक रूप से ग्रामीण शिकायत कर चुके है, लेकिन इसे ठीक करवाने की दिशा में प्रखंड प्रशासन या पंचायत के मुखिया के द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नही उठाया गया है। स्थानीय ग्रामीण चंद्रजीत राउत, शैलेंद्र राउत, पिंटू, कौशल समेत कई लोगों ने बताया कि गांव के ग्रामीणों के बीच पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने 14 वें वित्त आयोग की राशि से गत वर्ष वेंडर के माध्यम से जलमीनार लगवाई गई थी, लेकिन वह पिछले दो माह से खराब पड़ा हुआ है, साथ ही इस टोला में एक मात्र चापानल भी खराब हो गया है। पंचायत प्रशासन या संबंधित विभाग इसकी सुध नहीं ले रहा है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पीने के पानी का एकमात्र साधन उक्त सोलर जलमीनार एवं चापानल ही है। इसके खराब हो जाने से पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शादी ब्याह का मौसम होने के चलते इन दोनों जल मीनारों से दर्जनों घरों के लोग पानी ले जाते थे, लेकिन जल मीनार के साथ साथ चापानल खराब होने से लोगों को पानी के लिए भारी फजीहत झेलनी पड़ रही है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड पुलिस के चार आईपीएस की होगी ट्रेनिंग

**रांची :** झारखंड पुलिस के चार आईपीएस की एमसीटीपी ट्रेनिंग होगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे लेकर राज्य सरकार को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि 26 जून से सात जुलाई तक मध्य कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमसीटीपी) के लिए केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित 24 से 26 वर्ष की सेवा करने वाले आईपीएस अधिकारियों के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल पुलिस अकादमी में 15वां चरण- इ एमसीटीपी कार्यक्रम निर्धारित है। झारखंड कैडर के चार आईपीएस ट्रेनिंग में जायेंगे, जिनमें 1995 बैच के आईपीएस संजय ए लाठकर, 1997 बैच के आईपीएस आशीष बत्रा और टी कांदासामी और 1998 बैच की आईपीएस प्रिया दुबे शामिल हैं।


### रांची विवि ने गरीब छात्र-छात्रओं पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया है : अमन

**रांची।** विश्वविध्यालय के प्रति कुलपति डा.अरूण कुमार सिन्हा से मिला भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का प्रतिनिधिमन्डल एवं ज्ञापन सौंपा। का. जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा की स्नाकोत्तर में 50 प्रतिशत से अधिक परिक्षा शुल्क बढ़ाना उचित नही है। 500 से बढ़ाकर 800 कर दिया गया है, यह गरीब छात्र-छात्राओं के ऊपर आर्थिक बोझ बनेगा। अमन अहमद ने परिक्षा शुल्क को कम करने की मांग की एवं छात्रहित में उचित निर्णय लेने की मांग की है अन्यथा छात्रहित में उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रति कुलपति ने छात्र प्रतिनिधिमन्ड्ल को आश्वस्त किया की हमलोग कुलपति से वार्ता करेंगे और छात्र हित में उचित निर्णय लेंगे। प्रतिनिधिमन्ड्ल में जिला सचिव आशिक अंसारी, एस.एस मेमोरीयल कॉलेज इकाई महासचिव अफताब अंसारी, सचिव सलमान अंसारी आदि छात्र मौजूद थे।

# नक्सलियों के बाद झारखंड के आपराधिक गिरोह पुलिस के रडार पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड पुलिस नक्सलियों के तीन कोर एरिया ध्वस्त करने के बाद अब राज्य में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह को खत्म करने में जुट गयी है। राज्य में नक्सल के चार कोर एरिया हुआ करते थे। इनमें बुड़ा पहाड़, पारसनाथ और ट्राई जंक्शन (खूंटी,सरायकेला और चाईबासा )और कोल्हान शामिल है। इनमें तीन को नक्सलियों से मुक्त करा लिया गया है। सिर्फ कोल्हान में नक्सलियों की मौजूदगी है। वहां भी लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड में सक्रिय बड़े आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से पुलिस काम कर रही है। इस कड़ी में जो कुख्यात झारखंड के बाहर भी पनाह लिए हुए है उनके गिरफ्तारी के लिए भी स्पेशल टीम बना दी गयी है। स्पेशल टीम को आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) लीड कर रही है। एटीएस की टीम कई राज्यों में पैनी नजर रख रही है। आईपीएस रैंक के अधिकारी स्पेशल टीम को लीड कर रहे हैं, जबकि पुलिस मुख्यालय से आईजी रैंक के अधिकारी स्पेशल टीम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में फिलहाल आठ से दस संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं। इनमें से अधिक्तर गिरोह के प्रमुख जेल में बंद हैं। कुछ फरार हैं जबकि कुछ के गैंगवार में मारे जाने के बाद भी उनके गिरोह को उनके परिवार के सदस्य या फिर उनके बेहद करीबी रहे गिरोह का संचालन कर रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से डॉन अखिलेश सिंह, सुजीत सिन्हा, अमन साव, अमन सिंह और अनिल शर्मा शामिल हैं। ये सभी राज्य के अलग अलग जेलों में बंद हैं। जबकि कुख्यात अपराधी भोला



पांडेय और सुशील श्रीवास्तव दोनो ही गैंगवार में मारे गए हैं, लेकिन दोनों का गिरोह राज्य में बेहद सक्रिय हैं। इस समय भोला पांडेय गिरोह का विकास पांडेय संभाल रहा है। वहीं सुशील श्रीवास्तव गैंग को उसका बेटा अमन श्रीवास्तव संभाल रहा है। वहीं दूसरी ओर डब्लू सिंह को पलामू के आतंक के रूप में जाना जाता है। ये सभी गिरोह झारखंड पुलिस के स्पेशल टीम के रडार पर हैं। दूसरा प्रमुख नाम गैंग्स ऑफ वासेपुर के प्रिंस खान है, प्रिंस खान फिलहाल दुबई में है और वहीं से अपने गिरोह को संचालित कर रहा है।झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया है। स्पेशल सेल राज्य के बाहर छिपे कुख्यात अपराधियों पर भी करवाई कर रहा है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एटीएस की सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही सीआईडी भी इसपर काम कर रही है। स्पेशल टीम के इनपुट पर कई अपराधियों को पकड़ा गया है।

**पुलिस के रडार पर ये अपराधी**

स्पेशल टीम के रडार में शमिल अपराधियों में प्रिंस खान, अमन श्रीवास्तव, डब्ल्यू सिंह उर्फ गौतम सिंह, मोहम्मद उर्फ नेपाली जहीर और फिरोज खान, अमन साहू गिरोह के पंकज करमाली उर्फ खटिया, सुनील पासी, दुर्गा महतो उर्फ रॉकी और कालू बंगाली, अमन सिंह गिरोह के आशीष रंजन सिंह, राहुल नोनिया, सतीश महतो और शेख मोहम्मद, भोला पांडेय गिरोह के विकास साहू, बबलू ठाकुर, सुमन कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश पांडे, संजीत नियोगी और अभिमन्यु मिश्रा शामिल है।

# झारखंड के सात जिलों में पारा 40 के पार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के सात जिलों में अधिकतम तापमान 40 तक पहुंच गया है। अभी गर्मी और बढ़ेगी, पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में तापमान अभी और बढ़ने की संभावना है। धीरे-धीरे राज्य के कई हिस्सों में लू और गर्म हवाएं तेज होने लगी है। अब लोगों के लिए दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल होने लगेगा। कई जिलों में लू चलनी शुरू हो गयी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अप्रैल महीने में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। रांची के तापमान में भी लगातार बढ़त दर्ज की जा रही है। अगले पांच दिनों में राज्य का तापमान 42.0 के पार जा सकता है। इसी तापमान में बढ़त होगी, लेकिन दस दिनों तक तापमान नीचे आने की संभावना जाहिर नहीं की गयी है। जाहिर है आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। अभी राहत नहीं मिलेगी। हालांकि बीच में बादल घिर आने की आशंका है लेकिन बारिश की संभावना जाहिर नहीं की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अभी किसी भी तरह की राहत की संभावना नहीं है।

# सरकार अपने वादों को पूरा करने में असफल : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू पार्टी ने रांची के मोरहाबादी के बापू वाटिका से समाहरणालय तक गुरुवार को न्याय मार्च निकाला। पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में निकाले गये न्याय मार्च में आजसू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। आजसू ने डीसी राहुल कुमार सिन्हा को अपनी सात सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सुदेश महतो ने झारखंड की वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का कार्यकाल पूरा होने को है।

लेकिन यह सरकार अपने वादों को पूरा करने में असफल रही है। आरोप लगाया कि सरकार ने अपने साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में झारखंडी भावना, उम्मीद और जनादेश के साथ विश्वासघात किया है। जनता अब इन चीजों से ऊब चुकी है। महतो ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने युवा, किसान, मजदूर, गरीब, बुजुर्ग सभी को ठगने का काम किया है। सरकार ने अपने कार्यकाल में न तो वैकेंसी निकाली। ना ही भर्ती परीक्षा ली गयी। पदों पर नियुक्तियां नहीं हुई। बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया। जबकि मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि सत्ता में आते ही पहले साल पांच लाख युवाओं को नौकरी देंगे। महतो ने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारी केवल अपनी जेब भरने का काम कर रहे हैं। चारों तरफ खनिज संपदा की लूट मची हुई है।

# इंटरनेशनल लेटर राइटिंग फॉर यंग पीपल्स याकूब हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में इंटरनेशनल लेटर राइटिंग , फॉर यंग पीपल्स 2022 प्रतियोगिता में भाग लेने वाले और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मास्टर दावर याकूब को सम्मानित किया गया।

दसवीं कक्षा के छात्र याकूब ने आर्मी पोस्टल सर्विस द्वारा आयोजित लेखन प्रतियोगिता में जलवायु संकट के कारण और उपाय के ऊपर अपने सुझाव और विचार लिखे थे।

उसकी अभिव्यक्ती सराहनीय और अत्यंत प्रभावी थी।यह लेखन प्रतियोगिता यंग लोगों में पोस्टल सर्विसेज यानी डाक सेवा के प्रति



जागरूकता पैदा करने तथा उनके प्रयोग को सिखाने के उद्देश्य से की जाती है।प्रतियोगी को सम्मानित करने के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल जी. के.राव आए थे जो कि ऐसिस्टेंट डायरेक्टर हेड क्वार्टर 17 कोर हैं। उन्होंने इस यंग एचीवर को 10,000/- रुपये सार्टिफिकेट और प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** प्रदेश कांग्रेस सेवादल के द्वारा प्रदेश एवं जिला के चिन्हित कार्यकर्ता की बैठक बुलाई गई थी। जिसमे भारत सत्याग्रह कार्यक्रम को प्रखंड स्तर पर संचालित कर स्थानीय लोगो को जागरूक करना, संबिधान बचाओ कार्यक्रम के माध्यम से लोगो तक पहुँचना तथा महँगाई एवं बेरोजगारी पर लोगों को जागरूक करना ज्याद से ज्यादा संख्या में लोगो को संगठन में जोड़ना इन्ही सभी विषयों पर गहन चिंतन की गई। सभी कार्यक्रमो की जिमेदारी चिन्हित लोगो को जिला स्तर पर दी गई। बैठक में विशेष रूप से प्रदेश कॉंग्रेस सेवादल के प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं



का मार्गदर्शन किया और जिम्मेदारी दी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन ने की एवम कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस सेवादल (यंग ब्रिगेड) के प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने किया। मौके पर प्रदेश महासचिव अनन्त कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह , भरत राउत, लक्ष्मण हांसदा, विशवास पासवान , ईश्वरी चौधरी, नसीम अंसारी उपस्थित थे।

# राहुल गांधी को सच बोलने की सजा मिली : सुबोधकांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि राहुल गांधी को सच बोलने और अडाणी के साथ प्रधानमंत्री के रिश्ते को सार्वजनिक करने की सजा मिली है। महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन किया था। आज केंद्र सरकार की मार पराकाष्ठा पर है। आज संसद में भी बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है। पहली बार ऐसा देखने को मिला, जब सत्ता पक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा को नहीं




चलने दिया।पूर्व मंत्री सहाय गुरुवार को प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस राज्य में 12 हजार उद्योग बंद हो चुके हैं। स्पेशल इकनॉमिक जोन की मांग हम कर रहे थे, लेकिन एयरपोर्ट और कोयला खदान तक एक ही व्यक्ति को दिया गया। इन्हीं मुद्दों को लेकर जय भारत सत्याग्रह चलाया जा रहा है। इस सत्याग्रह का समापन 16 अप्रैल को पुराना विधानसभा मैदान, धुर्वा में होगा। समापन समारोह में 18 प्रखंड के लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस सड़क से सदन तक केंद्र सरकार की नीति के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। झारखंड प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष लगातार 13 दिन तक जय भारत सत्याग्रह के कार्यक्रम से जुड़े रहेंगे।

# रांची को मिलेगा दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का मौका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची को दो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का मौका मिलेगा।

इसमें एक एथलेटिक्स का और दूसरा हॉकी का होगा। रांची में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय फेडरेशन की ओर से इसकी मेजबानी करने का मौका दिया जा रहा है। अक्टूबर या नवंबर में ये दोनों आयोजन रांची में होंगे।

इसमें साउथ एशियन एथलेटिक्स (सैफ) चैंपियनशिप और हॉकी का



इंटरनेशनल इवेंट का आयोजन शामिल है। सैफ एथलेटिक्स के आयोजन की तैयारी खेल निदेशालय की ओर से की जा रही है। इस संबंध में खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा ने बातया कि विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार रांची में होगा। इसमें सात देशों के चार सौ से भी अधिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रांची आयेंगे। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# परशुराम जयंती पर होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य राँची की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, राँची द्वारा आगामी 22 अप्रैल 2023 को परशुराम जयंती के पुनीत अवसर पर संपूर्ण समाज के बच्चो के लिये 16 अप्रैल 2023 को प्रातः10-11बजे तक चित्रांकन प्रतियोगिता, अप्राहण 12-1बजे तक, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, अप्राहण 2-3बजे तक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, अप्राहण 3-4बजे तक भाषण प्रतियोगिता, सांय 4-5बजे तक कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया है। उपरोक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष रमेशचंद शर्मा व मंत्री किशनलाल शर्मा ने संयुत रूप से देते हुए बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चो के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया है. इस हेतु संयोजक श्री अशोक पुरोहित एवम सह संयोजक गुलाब शर्मा, सुनील शर्मा, धर्मचंद शर्मा व राहुल शर्मा को मनोनीत किया गया है। संयोजक अशोक पुरोहित व महेंद्र शर्मा ने कहा कि आयोजन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है. विदित हो की बैसाख शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत 2080, शनिवार 22 अप्रैल 2023 को ब्रह्म समाज के जनक भगवान श्री परशुरामजी का जन्मोत्सव है एवम ब्राह्मण सभा मे प्रातः9बजे सालासर मंदिर प्रांगण मे हवन व पूजन का आयोजन किया गया है तदोउपरांत् अप्राहण 3 बजे से विशाल शोभायात्रा 251 निशान ध्वजा के साथ नगर भ्रमण करते हुए पुन्ह ब्राह्मण भवन पहुंचेगी. सांय 7 बजे से श्री परशुरामजी जन्मोत्सव का सामूहिक प्रसाद एवम पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है।

# झारखंड कैबिनेट की बैठक 17 अप्रैल को



**रांची:** झारखंड कैबिनेट की बैठक 17 अप्रैल को होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बैठक प्रोजेक्ट भवन (झारखंड मंत्रालय) स्थित कैबिनेट कक्ष में शाम चार बजे से होगी। इसमें कई अहम फैसले लिए जायेंगे।

# डीसी ने सभी योग्य लाभुकों को सर्व जन पेंशन योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त राँची, दिनेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए राँची, रामवृक्ष महतो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी राँची, वीरेंद्र चौबे, जिला योजना पदाधिकारी राँची,विनय कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा राँची, रवि शंकर मिश्रा, जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।




बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा निम्न निर्देश दिए गये- 1-उपायुक्त राँची, राहुल कुमार सिन्हा ने सभी प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना को ससमय पूरा करने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि एक-एक आवास जो इस योजना से बन रहे हैं, उसे फील्ड में जा कर देखें। प्रत्येक दिन मॉनिटरिंग करें कि निर्माण कार्य कैसा चल रहा है। उपायुक्त ने विशेष रूप से बुंडू, लापुंग, तमाड़, चान्हो, मांडर, बुड़मू प्रखंड को ध्यान देने का निर्देश देते हुए इसे तय सीमा में पूरा कराने को कहा। बाबा भीम राव अम्बेडकर आवास योजना निर्माण में तेजी लाने का निर्देश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को देते हुए कहा कि जितने मामले लंबित हैं, उसे जल्द से जल्द पूरा करें।

# नक्सलियों का आज और कल बंद, पुलिस प्रशासन अलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 14 और 15 अप्रैल को दक्षिणी बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद का ऐलान को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी गई है कि बंद न रखने वाले को जन अदालत लगाकर सजा दी जाएगी। हालांकि नक्सलियों ने बंद के दौरान आवश्यक चीजें प्रेस, दूध और एंबुलेंस को मुक्त रखा है।

दरअसल, बीते दिनों झारखंड के चतरा जिले के लावालौंग थाना स्थित ग्रहे जंगल में हुई एक मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने के विरोध में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने दो दिन का बंद का आह्वान किया है। इस बंद को देखते हुए खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इस संबंध में झारखंड और बिहार पुलिस के अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। पत्र में बताया गया है कि झारखंड राज्य के सीमावर्ती जिले विशेषकर गया, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, बांका मुख्य रूप से भाकपा माओवादी संगठन की गतिविधियों से प्रभावित



है। इसके अलावा लखीसराय और मुंगेर में माओवादी कि सक्रियता है। उग्रवादियों के गतिविधियों के कारण क्यूल-जमालपुर, क्यूल-जसीडीह, गैंड कोर्ड लाइन तथा जीटी रोड का क्षेत्र संवेदनशील बना हुआ है। उग्रवादियों द्वारा प्रतिशोध स्वरुप अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में पुलिस, अर्धसैनिक बलों, थाना, ओपी, पिकेट, बैस कैम्प, चौकीदार, पुलिस मुखबिर, मोबाइल टावर, रेलवे ट्रैक, रेलवे स्टेशन, सरकारी कार्यालय, विकास कार्य से जुड़े ठेकेदार सहित उनके कार्यस्थल, उनके उपकरण, वाहन, मुंशी, मजदूर आदि पर हमला कर हिंसक घटना कारित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। खुफिया विभाग ने कहा है कि उग्रवाद प्रभावित जिलों में सिक्युरिटी ऑडिट कराते हुए विशेष सतर्कता और आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करें।

# बोकारो और सिंहभूम के बीच खेला गया एक दिवसीय क्रिकेट मैच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ग्राउंड में जूनियर महिला इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया । जिसमें बोकारो और वेस्ट सिंहभूम के बीच खेला गया। बेहतर खेल के लिए बोकारो महिला खिलाड़ी अनुजा करुण को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल प्रेमियों ने मैच का काफी लुफ्त उठाया।



# बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 जयंती में डकरा अम्बेडकर पार्क से विशाल शोभायात्रा सह मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया. डॉ0 साहब का मोटरसाइकिल जुलूस अम्बेडकर पार्क डकरा से शुरू होते ही मानकी,चूरी,सुभाष नगर,केडीएच,रोहिणी,धमधमिया, करकट्टा,खलारी बाजार टांड, बैंक चौक,के डी, मोहन नगर, डकरा ए टाइप,बी टाइप होते हुए अंबेडकर पार्क में पुनः संपन्न किया गया. शोभायात्रा में लोगो को बाबा साहब के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया. साथ ही साथ 14 अप्रैल को होने वाली जयंती समारोह के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया. इस शोभायात्रा में मिथिलेश पासवान, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, रविंद्र बैठा, महेंद्र उरांव, बहुरा मुंडा, सुखराम सेठ, ध्वजा राम धोबी, बरतु मुंडा, इंदिरा देवी, अनीता एक्का, बालेसर उरांव, रामचरण सतनामी, रामू सतनामी, असर्फी राम, नागेश्वर महतो, जितेंद्र राम, महेंद्र राम, जटु राम, बुला गंझू, किशोर रथ रजक, जोगिंदर राम, उपेंद्र रजक, विजय विश्वकर्मा, बिगु विश्वकर्मा, अमरलाल सतनामी, जगरनाथ महतो, मुखिया सेवा उरांव, नित्या कुमार, मुन्ना देवी, लालचंद विश्वकर्मा, जगदीश गंझू, आशा देवी, अनीता देवी, रिंकी देवी, नगीना देवी, सुधा झा, सहित कई गणमान्य उपस्थित थे.

## बाबा साहेब का सपना नरेंद्र मोदी कर रहे हैं पूरा : कमलेश राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गुरुवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से झारखंड उच्च न्यायालय के समीप संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा तथा स्थल को साफ सफाई किया गया।

विदित हो कि कल 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती है, इसको लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश पर पूरे भारतवर्ष में बाबा साहेब तथा अन्य शहीदों के प्रतिमा को साफ सफाई किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने कहा कि बाबा साहेब विश्व के सबसे महान तथा विद्वान व्यक्ति थे, विश्व में इनके इतना किन्हीं के पास शैक्षणिक डिग्री नहीं था, यही कारण था कि इनको स्वतंत्र भारत संविधान लिखने का गौरव प्राप्त हुआ।

इन्होंने संविधान लिखकर भारत देश को एक सूत्र में जोड़ें थें। बाबा साहेब समानता के हिमायती थे, उसी प्रकार भाजपा के जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय भी समाज में समानता लाने के लिए अंत्योदय के संकल्प एवं एकत्मानववाद के दर्शन दिए थे। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दबे कुचले,शोषित पीड़ित दलित आदिवासी पिछड़ा समाज को आगे बढ़ाने के लिए अंत्योदय के संकल्प को दोहरा रहे हैं।

## लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ सौरभ प्रसाद के निर्देशानुसार बिना हेलमेट, ट्रिपल सवारी , सीट बेल्ट की जांच जिला समाहरणालय के पास की गई । इस जांच मे रोड सेफ्टी रामगढ़ की टीम ने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया । वहां मौजूद लोगों को हिट एंड रन एवं झारखंड गुड समरिटेन स्कीम के बारे मे बताया गया एवं नाबालिक को वाहन ना देने की अपील की गई । इस मौके पर श्री प्रसाद ने बताया कि भविष्य में भी ऐसी जागरूकता अभियान चलती रहेगी । मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद,अभियंता ऋषि कांत एवं तकनीकी सहायक विकास कुमार मौजूद थे ।

## जेहलीटाड के रैयत विस्थापित प्रभावित लोगो को मिला मुआवजा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनके एरिया अतर्गत केडीएच परियोजना पर विकास में बाधा बने, कहे जाने वाले विस्थापित प्रभावित लोगों को आखिर सीसीएल ने मुआवजा देना शरू किया. विस्थापित प्रभावित लोगों ने एक मंच पर आकर विश्रामपुर पंचायत अतर्गत के जेहली टाड में 99 दिनों का धरना प्रदर्शन चला. एकता मंच के धरना प्रदर्शन जारी को देखते हुए अथवा सीसीएल ने लोगो के आक्रोश व मनोबल को देखते हुए एकता मंच की बात ससर्ते मानी गयी. गुरुवार को सीसीएल केडीएच परियोजना से सीसीएल सीनियर सर्वेयर शैलेन्द्र प्रसाद व सीनियर हेड चैनमैन सुकरा लोहरा पहुँचे. सीसीएल के टीम ने जेहली टाँड़ में रह रहे डेंजर जॉन में स्थापित मतनी गंझू व रोशन अंसारी,हसन अंसारी के घर को नापी जोखि कर दो दिन के समय के बाद हटाने की बात कही. सीसीएल के तरफ से शरुआत में तीन विस्थापित व प्रभावित परिवारों को मुआवजा देना शुरू कर दिया है. हटाये जाने वाले घरों के साक्षी में अथवा अथक प्रयासों व 99 दिनों तक धरना प्रदर्शन में रहे विस्थापित प्रभावित एकता मंच के लोगों ने भी सीसीएल के कार्रवाई को सराहा, इस दौरान पश्चिमी जिला परिसद सरस्वती देवी ने बताया कि जिसका हक है उसे मिलना चाहिए. हक की लड़ाई 99 दिनों तक चला, उसके बाद सीसीएल ने एकता मंच की सारी शर्ते मान ली और सीसीएल अपना कार्य करटे हुए प्रभावित लोगों को मुआवजा देकर अपना खदान विस्तारीकरण करने में जुट गयी है. और केडीएच परियोजना पदाधिकारी जे अब्राहम ने अस्वस्थ किया कि एकता मंच के लोगो की मांग पर रोजगार को लेकर केडीएच परियोजना में एक और डम्प पुनः चालू कर दिया जाएगा.

## रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस में लगेगा विस्टाडोम कोच

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक विस्टाडोम कोच भी लगेगा। यह झारखंड राज्य के लिए पहला विस्टाडोम कोच होगा। विस्टाडोम कोच में कांच की खिड़कियां होती हैं और इनकी छत भी पारदर्शी होती है। इसमें एलईडी लाइट,घूमने वाली सीट और जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद होती हैं!कोडरमा-बरकाकाना-रांची रेल लाइन जंगल, पहाड़ों और गुफाओं के बीच में से निकलती है और इसकी खूबसूरती देखते ही बनेगी। विस्टाडोम कोच कोडरमा-बरकाकाना-रांची रेल लाइन के बीच की प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन कराने में और पर्यटन को बढ़ाने में बहुत ही सहायक सिद्ध होगा। छोटानागपुर प्रमंडल के रेलयात्री इन बेहतरीन नजारों का लुत्फ उठा सकेंगे। उम्मीद है टेक्निकल स्वीकृति के बाद यह कोच इस ट्रेन में जल्दी लग जाएगा। रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस देने एवं इसमें विस्टाडोम कोच की स्वीकृति देने के लिए माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और रेल मंत्रालय को आभार व्यक्त किया।

## सरहूल मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसा पंचायत मे सरहूल मिलन समारोह कार्यक्रम किया गया जिसमे विभिन्न गाँवो से आये हुए पारमपारिक खोड़ा अपने अपने निंत्य प्रस्तुत किए इससे पहले पाहन द्वारा विधिवत्त पुजा करके शुभारम किया गया । मुख्य अतिथि मानिय राजेश कच्छप विधायक खिजरी विशिष्ट अतिथि राँची नगरनिगम पार्षद रोशनी खलखो थे संचालन हर्षनाथ भोगता ने किया इस मोके पर उपस्थित थे आयोजन समिति के अध्यक्ष बन्धन पाहन सचिव हर्षनाथ भोगता कोषाध्यक्ष देवनारायण बेदिया मुख्य संरक्षक मुखिया मंजोती देवी पंसस सदस्य मानेश्वर मुण्डा मुख्य आयोजक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा उपमुखिया संजय भोगता गेतलसूद मुखिया शांति मुण्डा ,नवागढ़ पंसस सदस्य फालगुनी शाही दिलीप पाहन बरतु भोगता रोहित बेदिया मंगल भोगता वार्ड सदस्य विनोद पाहन अन्दु पाहन बनुबेदिया विजय मुण्डा रविशंकर रजनी देवी किरण देवी बेदिया गांधिया लोहरा अशोक बेदिया पुशुवा लोहरा रंथु भोगता मनिराम भोगता अजय करमाली उपस्थित थे ।

## खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का पालन करने का निर्देश

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अभिहित अधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी द्वारा जिले के सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया गया है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रावधान के अनुसार निम्न निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करे-

सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ से संबंधित खाद्य कारोबारकर्त्ता जैसे (होटल, भोजनालय, रोस्टोरेन्ट, पानी विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, वितरक, प्रदायक, भंडारक, उत्पादक, खुदरा बिक्रेता, ठेला-खोमचा, मटन/चिकन/मछली बिक्रेता, मेडिकल शॉप,आईस क्रीम फैक्टरी, कैंटिन, मिठाई दुकानदार, परिवाहक, फल-सब्जी बिक्रेता, सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था (आवासीय स्कुल, कॉलेज, हॉस्पीटल आदि) में संचालित कैंटिन इत्यादि के संचालक/मालिक/प्रोपराईटर आदि का खाद्य रजिस्ट्रेशन/खाद्य अनुज्ञप्ति का होना अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन/अनुज्ञप्ति के किसी भी खाद्य वस्तु (पेय पदार्थ सहित) का विनिर्माण, विक्रय, भंडारण, वितरण या आयात करना दण्डनीय अपराध है, जिसके तहत् 6 (छह) मास तक का कारावास तथा एक लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। सरसों तेल में किसी भी अन्य खाद्य तेल की मिलावट/ब्लेंडिंग प्रतिबंधित है, साथ ही ब्लेंडेड सरसों तेल की बिक्री भी पूर्णतः प्रतिबंधित है। खाद्य पदार्थ में एक्सपाइरी डेट,मैनूफैक्चरिंग डेट, बेस्ट बिफोर, बैच नंबर, एफएसएसएआई लाईसेंस नंबर आदि पैकेज प्रोडक्ट में जरूर लिखा हुआ हो। खाद्य रंगो का प्रयोग सिमित मात्रा मे करें। अखाद्य रंगों का प्रयोग न करें। खाद्य सामग्री के निर्माण में हमेषा स्वच्छ पेयजल का प्रयोग करें और बर्तन का सफाई रखें एवं व्यक्तिगत सफाई का ध्यान देना है और ठक्कन युक्त कुड़ेदान का प्रयोग करना है, रसोई घर एवं भण्डार पर पूर्णता साफ-सफाई रखना है। मिठाई दुकान, होटल रेस्टुरेन्ट, ठेला आदि को सूचित किया जाता है कि मिठाई/नमकिन आदि बनाने के दौरान प्रयोग किये गये तेल को एक या दो से अधिक बार प्रयोग ना करें। साथ ही साथ सभी खाद्य प्रतिष्ठान खाद्य सामग्री को बनाते समय जैसे-मिठाई, खोआ, पनीर, दूध, घी आदि में किसी तरह का मिलावट न करें। किसी भी खाद्य पदार्थ के जाँच के पश्चात् जाँच रिपॉर्ट अवमानक पाये जाने पर धारा 51 के तह्त 500000 (पाँच लाख) रूपये तक का जुर्माना है, मिथ्याछाप पाये जाने पर धारा 52 के तह्त 300000 (तीन लाख) रूपये तक का जुर्माना तथा असुरक्षित पाये जाने पर धारा 59 के तह्त जुर्माने के साथ 6 (छः) मास तक सजा का प्रावधान है।


## कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा

Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना सं0–01/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक पदाधिकारी, झुमरी तिलैया, नगर परिषद
2. परिमाण विपत्र बिक्री तिथि एवं स्थान : 21.04.2023 को 5.00 अपराहन तक, झु0ति0, नगर परिषद कार्यालय
3. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समयः झु0ति0, नगर परिषद, 24.04.2023, 4:00 बजे अप0 तक
4. निविदा खोलने की तिथि स्थान एवं समय : झु0ति0, नगर परिषद 24.04.2023 5:00 बजे अप0 से
5. कार्य का विवरण–

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CONSTRUCTION OF R.C.C. DRAIN FROM KHUSRO SAW HOUSE TO GULAB RANA HOUSE AT WARD NO. 23 UNDER JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD. | 997200.00 | 20000.00 | 5000.00 | 90 दिन |

निविदा की शर्त :–

1. इन कार्यो के निविदा में समुचित श्रेणी के निवंधित संवेदक जो झुमरीतिलैया नगर परिषद या नगर विकास विभाग, रॉंची में निबंधित होगें वे निविदा में भाग ले सकते हैं ।
2. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र में अंकित प्राक्कलित राशि के आधार पर अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य मान्य होगा ।
3. सशर्त एवं अस्पष्ट निविदा मान्य नहीं होगा । साथ हीं निविदा डालते समय लिफाफा के ऊपर निविदा संख्या एवं कार्य का नाम अंकित होगा।
4. परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नलिखित शर्त को पूरा करना होगा तदोपरान्त परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा ।
5. (क) परिमाण विपत्र क्रय हेतु आवेदन के साथ परिमाण विपत्र का मूल्य का रेखांकित बैंक ड्राफ्ट जमा करना अनिवार्य होगा जो राष्ट्रीकृत बैंक से निर्गत होगा तथा कार्यपालक पदाधिकारी, झुमरी तिलैया नगर परिषद के पदनाम से राष्ट्रीयकृत बैंक झुमरी तिलैया शाखा में भूगतेय होगा। जिसे लौटाया नहीं जायगा।
(ख) आवेदन के साथ अद्यतन समुचित श्रेणी में निबंधित निबंधन पंजीकरण एवं अध्यतन चरित्र प्रमाण पत्र, की अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा । तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
6. निविदा के साथ अग्रधन के रूप में राष्ट्रकृित बैंक का ड्राफ्ट जमा करना होगा जो कार्यपालक पदाधिकारी, झुमरी तिलैया नगर परिषद के पदनाम से (PAYABLE AT JHUMRI TELAIYA) में भूगतेय होगा। इसके अलावे अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र, GST रजिस्ट्रेशन एवं पेन कार्ड एवं आयकर विभाग (विगत तीन वित्तिय वर्षो का) में दाखिल अद्यतन जो अभिप्रमाणित होगें प्रस्तुत करना होगा ।
7. कार्य आवंटन के पश्चात् एकरारनामा के पूर्व प्राक्कलित राशि का पाँच (2% अग्रधन सहित) प्रतिशत प्रारंभिक जमानत राशि राष्ट्रकृत बैंक का ड्राफ्ट जमा करना होगा जो कार्यपालक पदाधिकारी झुमरीतिलैया नगर परिषद के पदनाम से होगी तथा प्रत्येक भुगतान पर पाँच प्रतिशत जमानत की राशि नगद विपत्र से काट कर रखी जायेगी । कार्य समाप्ति के एक वर्ष बाद जमानत की राशि लौटाने की कार्रवाई योजना का कार्य संतोषजनक रहने पर किया जाएगा।
8. निविदा निस्तार झुमरी तिलैया नगर पर्षद में गठित Procurement Committee के द्वारा किया जायेगा । कार्य आवंटन निर्गत तिथि से सात दिनों के अन्दर F2 Form पर एकरारनामा करना अनिवार्य होगा अन्यथा नियमानुसार कानूनी कार्रवाई किया जायगा तथा जी0एस0टी0 की कटौती सरकारी निदेशानुसार की जायगी।
9. एकरारनामा के पश्चात् निर्धारित अवधि के अन्तर्गत कार्य समाप्त करने की जिम्मेवारी संवेदक की होगी अन्यथा समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने पर यथोचित कार्रवाई की जा सकती है ।
10. बिजली, पानी एवं लगने वाली सामग्री आदि की व्यवस्था संवेदक को स्वयं करना होगा।
11. संवेदक द्वारा राष्ट्रीय/अतंर्राष्ट्रीय मानक की कंपनियों द्वारा उत्पादित सिमेन्ट का उपयोग किया जायेगा।
12. कार्य स्थल पर कार्य से संबंधित सामग्री का देख–रेख स्वयं संवेदक को करना होगा । विज्ञापनदाता के द्वारा विभागीय रूप से योजना में लगने वाली कोई सामग्री नहीं दी जायेगी। पथ कार्य के समय पथ के दोनो छोर आने और जाने वाले बिन्दु पर बैरियर लगाने की जिम्मेवारी संवेदक की होगी।
13. आवंटन की उपलब्धता के अनुसार कराये गये कार्यो का भुगतान एकरारनामा के अनुरूप किया जायेगा । किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर अतिरिक्त दावा मान्य नहीं होगा ।
14. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में सक्षम प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा दिया गया आदेश ही मान्य होगा ।
15. किसी प्रकार का न्यायिक प्रक्रिया कोडरमा न्यायालय में विचारणीय होगा ।
16. परिमाण विपत्र में अंकित दर से निविदादाता द्वारा उदधृत अधिक दर मान्य नही होगा।
17. बिना कारण बताये किसी निविदा को पूर्णरूपेण या आंशिक रूप से रदद् करने या स्थगित करने या एक हीं निविदा को एक से अधिक संवेदकों के बीच बाँट कर कार्य आवंटित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।
18. समय–समय पर नगर विकास विभाग, झारखण्ड सरकार राँची द्वारा निर्गत आदेश / निदेश का पालन करना अनिवार्य होगा । कार्य प्रारम्भ करने के पश्चात् झुमरी तिलैया नगर परिषद द्वारा निर्गत आदेश का पालन संबंधित संवेदक को करना होगा ।
19. कार्य आवंटन के पश्चात श्रम निबंधन से लेबर लाईसेंस प्राप्त कर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा कानुनी प्रक्रिया होने पर सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
20. विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को झमुरी तिलैया नगर परिषद कार्यालय/सूचना पट से प्राप्त की जा सकती है।
21. जिस संवेदक को नगर परिषद झुमरी तिलैया द्वारा आवंटित कार्य अपूर्ण होगा, उस संवेदक पर कार्य आवंटित करने पर विचार नहीं किया जाएगा।
22. संवेदक को निविदा जमा करते समय एक शपथ पत्र जमा करना होगा, जिसमे कार्य लंबित नहीं होने एवं काली सूची एवं डिवार नहीं होने का स्पष्ट जिक्र होना चाहिए।
23. अगर एक ही संवेदक समान फर्म /नाम से झुमरी तिलैया नगर परिषद में एवं नगर विकास विभाग रॉंची में उच्चतर श्रेणी में भी निबंधित है और अपनी सूचना को छुपाकर कार्य आवंटित कराते है, इस बात के संज्ञान में आने पर कार्य आवंटन रद्द करने पर विचार किया जायगा। इसके बाद संवेदक के द्वारा कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
24. कार्य स्थल पर कार्य का सूचना पट्ट लगाना अनिवार्य होगा।
25. झुमरी तिलैया नगर परिषद से निर्गत जॉबकार्ड धारी (मुख्य मंत्री श्रमिक योजना के अन्तर्गत) अकुशल मजदूरों से आवश्यक्तानुसार कार्य कराना होगा। अधिक आवश्यक्ता रहने पर इसके अतिरिक्त अकुशल मजदूरों को लगाया जायगा।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 295100 Urban Development(23-24)D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

ई– संख्या– DOPR/CEO/ZP/Palamu 01/2023-24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू। |
| 2 | Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 15.04.2023 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 27.04.2023 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा), अग्रधन की राशि शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये दस्तावेज की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करने की तिथि/स्थान। | :– | दिनांक 28.04.2023 (अपराह्न 2:00 बजे तक) जिला परिषद कार्यालय, पलामू। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 29.04.2023 |
| 6 | निविदा खोलने का स्थान | :– | नये समाहरणालय (BLOCK-C) स्थित डी0आर0डी0ए0, सभाकक्ष |
| 7 | कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | हुसैनाबाद | उपरी कला | पंचायत भवन उपरी कला के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1820700.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 01/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 2 | हुसैनाबाद | देवरीकला | पंचायत भवन देवरी कला के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1812000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 02/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 3 | हुसैनाबाद | लोटनिया | पंचायत भवन लोटनिया के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1820400.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 03/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 4 | हुसैनाबाद | बड़ेपुर | पंचायत भवन बड़ेपुर के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1813800.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 04/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 5 | सतबरवा | बारी | पंचायत भवन बारी के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1812000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 05/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 6 | नावाबाजार | रजहारा | पंचायत भवन रजहारा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1803100.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 06/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 7 | नावाबाजार | कंडा | पंचायत भवन कंडा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1818300.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 07/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 8 | मोहम्मदगंज | रामबांध | पंचायत भवन रामबांध के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1820700.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 08/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 9 | मोहम्मदगंज | भजनिया | पंचायत भवन भजनिया के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1818300.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 09/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 10 | हैदरनगर | इमामनगर बरेवा | पंचायत भवन इमामनगर बरेवा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1824000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 10/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 11 | हैदरनगर | सड़ेया | पंचायत भवन सड़ेया के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1822200.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 11/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 12 | चैनपुर | महुगांवा | पंचायत भवन महुगांवा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1818300.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 12/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 13 | चैनपुर | नरसिंहपुर पथरा | पंचायत भवन नरसिंहपुर पथरा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1818300.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 13/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 14 | चैनपुर | पूर्वडीहा | पंचायत भवन पूर्वडीहा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1812000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 14/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 15 | चैनपुर | तलेया बभंडी | पंचायत भवन तलेया बभंडी के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1820400.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 15/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 16 | चैनपुर | सलतुआ | पंचायत भवन सलतुआ के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1820400.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 16/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 17 | चैनपुर | नेउरा | पंचायत भवन नेउरा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1820400.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 17/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 18 | चैनपुर | हुटार | पंचायत भवन हुटार के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1826000.00 | 37000.00 | 5000.00 | 6 माह | 18/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 19 | चैनपुर | करसो | पंचायत भवन करसो के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1824000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 19/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 20 | चैनपुर | बुढ़ीबीर | पंचायत भवन बुढ़ीबीर के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1822200.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 20/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 21 | चैनपुर | ओरनार | पंचायत भवन ओरनार के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1820700.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 21/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 22 | चैनपुर | सेमरा | पंचायत भवन सेमरा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1826000.00 | 37000.00 | 5000.00 | 6 माह | 22/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 23 | मेदिनीनगर | झाबर | पंचायत भवन झाबर के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1822200.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 23/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 24 | मेदिनीनगर | जोंड़ | पंचायत भवन जोंड़ के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1813800.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 24/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 25 | पाटन | सगुना | पंचायत भवन सगुना के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1820700.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 25/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 26 | पाटन | पाल्हेकला | पंचायत भवन पाल्हे कला के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1822200.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 26/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 27 | पाटन | रूदीडीह | पंचायत भवन रूदीडीह के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1824000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 27/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 28 | पड़वा | पड़वा | पंचायत भवन पड़वा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1812000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 28/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 29 | पड़वा | कजरी | पंचायत भवन कजरी के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1813800.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 29/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 30 | पड़वा | मझिगांव | पंचायत भवन मझिगांव के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1824000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 30/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 31 | पाण्डू | मुसीखाप | पंचायत भवन मुसीखाप के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1826000.00 | 37000.00 | 5000.00 | 6 माह | 31/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 32 | विश्रामपुर | केतातकला | पंचायत भवन केतातकला के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1812000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 32/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 33 | विश्रामपुर | भण्डार | पंचायत भवन भण्डार के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1813800.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 33/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 34 | विश्रामपुर | गुरी | पंचायत भवन गुरी के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1820400.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 34/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 35 | विश्रामपुर | सिगसिगी | पंचायत भवन सिगसिगी के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1803100.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 35/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 36 | विश्रामपुर | तोलरा | पंचायत भवन तोलरा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1818300.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 36/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 37 | छतरपुर | मड़वा | पंचायत भवन मड़वा के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1813800.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 37/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 38 | छतरपुर | कवल | पंचायत भवन कवल के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1822200.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 38/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 39 | छतरपुर | कउवल | पंचायत भवन कउवल के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1826000.00 | 37000.00 | 5000.00 | 6 माह | 39/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 40 | नौडीहा बाजार | सरईडीह | पंचायत भवन सरईडीह के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1824000.00 | 36500.00 | 5000.00 | 6 माह | 40/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |
| 41 | नावाबाजार | बसना | पंचायत भवन बसना के प्रथम तल का निर्माण कार्य। | 1826000.00 | 37000.00 | 5000.00 | 6 माह | 41/2022-23 DOPR/CEO/ZP/PALAMU |

नोट–

1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगा।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो सचिव, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.295112 District(23-24):D

## संजय गांधी की मूर्ति नवर्निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला नगर पंचायत के संजय चौक पर स्थापित स्व. संजय गांधी का मूर्ति पुनर्निर्माण की मांग को लेकर गुरुवार को युवा कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश मुंदुईया के नेतृत्व में सरायकेला नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। मालूम हो कि नगर पंचायत क्षेत्र के संजय चौक पर स्थित स्वर्ग संजय गांधी जी की मूर्ति की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। जिसकी मरामती करने वाले स्थानीय मूर्तिकारों भी नकार रहे हैं। साथ ही ज्यादा से अधिक क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण इसकी मरामती संभव नहीं है।उक्त मूर्ति का पुनर्निर्माण करना होगा। जापान सपने के दौरान प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि युवा हृदय सम्राट के नाम से विभूषित स्वर्ग संजय गांधी ने अपने अल्प कार्यकाल में इंदिरा गांधी के बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अलावा अपने सूत्र स्थापित किए। एवं देश के युवाओं को नई दिशा दी हो ऐसे महान व्यक्ति की जल्द से जल्द नवनिर्माण करना अति आवश्यक है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुकेश मुंदुईया प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा कोल्हान संयोजक प्रकाश महतो जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र नायक मनोहर तांती आदि उपस्थित थे।

## अंसार खान ने भाईचारा पर वीडियो बनाकर शहरवासियों को मुहब्बत का दिया पैगाम

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते दिनों कदमा थाना क्षेत्र के शाष्टीनगर में दो समुदायों के बीच उठी हिंसा की आग को जिला प्रशासन ने जिस प्रकार संभाला उसकी तारीफ चारों ओर से अमानप्रस्त लोग कर रहे है। इसी कड़ी में अंसार खान झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश सचिव ने विज्ञप्ति जारी कर कहा, मैं सबसे पहले जमशेदपुर उपायुक्त विजया जाधव और वरीय पुलिस अध्यक्ष प्रभात कुमार को सैल्यूट करता हूं। इन्होंने जमशेदपुर को बचाया। कुछ शरारती तत्वों के द्वारा जमशेदपुर में भाईचारे को खत्म करने की कोशिश किया गया था, मैं तमाम भारतवासियों को हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्म के लोगों को अपील करता हूं आपस में प्रेम करें और अपने देश की रक्षा करें। उन्होंने गाने के माध्यम से मैसेज देकर भाईचारा कायम करने की अपील की।



## पटमदा बोड़ाम सेवा समिति के रक्तदान शिविर में 62 यूनिट रक्त संग्रह



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य स्वपन कुमार महतो की अगुवाई में पटमदा बोड़ाम सेवा समिति के बैनर तले गुरुवार को पटमदा प्रखंड के बिड़रा ग्राम संसद भवन में प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल समाजसेवी आस्तिक महतो ने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। शिविर में दोनों प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे जनप्रतिनिधि समेत 62 लोगों ने रक्तदान किया। पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो ने कहा कि सामान्य दिनों में जहां लोग रक्तदान से कतराते हैं, वहीं आज भीषण गर्मी के बीच रक्तदान करने हेतु युवाओं का आगे आना क्षेत्र के लिए शुभ संकेत है। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोड़ाम के प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, बुद्धिजीवी मंच पटमदा के अध्यक्ष गोपाल कुमार, ग्राम प्रधान विकास महतो, मुखिया परमेश्वर सिंह, दीपक कोड़ा, कानूराम बेसरा, काजल सिंह, सनत महतो, निर्मल रजक, पूर्ण सिंह, सौरभ दत्ता, गोपाल गोराई, सुनील कुंभकार, कैलाश महतो एवं विकास कुंभकार आदि लोग मौजूद थे।

## सिंहभूम कॉलेज परिसर में घनश्याम महतो का मूर्ति स्थापित करने के लिए प्राचार्य को दिया ज्ञापन



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल के सिंहभूम कॉलेज के छात्रों द्वारा कॉलेज के प्राचार्य को कॉलेज परिसर में पूर्व विधायक स्व. घनश्याम महतो के मूर्ति स्थापित करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि पूर्व विधायक के अथक प्रयास और संघर्ष के बाद कॉलेज का स्थापना हो पाया है। उनके अहम योगदान से आज इस कॉलेज का निर्माण हो पाया है । मौके पर उपस्थित फूलचंद महतो, गोपेश महतो, आदित्य महतो , विष्णु महतो , चैतन महतो , फूलचंद महतो , कृष्णा प्रमाणिक ,सुदामा महतो , प्रकाश महतो , देवाशीष महतो आदि उपस्थित थे।

## जेवियर स्कूल में सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया स्थित जेवियर स्कूल में सड़क सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को सड़क सुरक्षा के अंतर्गत आने वाली सभी बिंदुओं के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि उपस्थित जिले के यातायात पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे किसी भी तरह के दो पहिया एवं चार पहिया वाहन नहीं चला सकते हैं। यह नियम के विरुद्ध है और इसका उल्लंघन करने पर आपको जुर्माना एवं जेल तक की सजा हो सकती है। इस मौके पर उपस्थित जिला परिवहन विभाग के अधिकारी आशुतोष कुमार सिंह ने सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं और उनके निदान के बारे में भी बच्चों के समक्ष चर्चा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रशासक ब्रदर अमल राज, सिस्टर अर्चना, अनामिका दीक्षित, विकास सिंह, तपन ज्योति गोराई, बिंदु रानी समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

### तेज गर्मी ने बढ़ाई अभिभावक एवं स्कूली बच्चों की परेशानी, कुणाल षाड़ंगी ने मुख्य सचिव से की बात

## स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड में गर्मी ने असली रंग दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ती गर्मी से लोगों की परेशानी अब बढ़ने लगी है। गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिले का अधिकत्तम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम पूर्वानुमान की माने तो अगले पांच दिन में तापमान और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में पड़ रही अधिक गर्मी के कारण कई बच्चे स्कूल में बेहोश हो रहे हैं। भाजपा झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी से कई अभिभावकों



ने फ़ोन पर समस्याओं से अवगत कराते हुए हस्तक्षेप का आग्रह किया। जिसपर कुणाल षाड़ंगी ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से फ़ोन पर बात करते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सुबह दस बजते ही तेज गर्मी शुरू हो जाती है। सरकारी स्कूलों के बच्चों को दोपहर की तपती धूप में पैदल घर आना होता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बतया कि गुरुवार को जिले के आदर्श मध्य विद्यालय, धालभूमगढ़ के कक्षा तीन की छात्रा दिव्यांशु कुमारी का बढ़ती गर्मी व तपिश के कारण नाक से खून बहने लगी और वे बीमार पड़ गए। कुणाल षाड़ंगी ने मुख्य सचिव से बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए स्कूल खुलना भी जरूरी है, लेकिन उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। ऐसे में उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्कूल को प्रातः 6:30 बजे से प्रारम्भ कर अधिकतम 11 बजे तक करने का आग्रह किया। जिसपर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने मामले में उचित संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है।

## स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटमदा में गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से मनाया गया। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा 1 से 15 अप्रैल तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटमदा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी क्रिस्टोफर बेसरा ने बताया कि स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छ्ता पखवाड़ा एक जागरूकता अभियान है। आने वाले दिनों में राजकीय कन्या मध्य विद्यालय ,आंगनवाड़ी केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्लोगन, नारा, लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे। पखवाड़ा में वृक्षारोपण करते हुए सभी कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर शपथ लिया। मौके पर डॉ नीलम मर्सी टोप्पो, प्रखंड लेखा प्रबंधक सुगदा मुर्मू, लिपिक संस्कृति एवं मोनाल पीरामल फाउंडेशन , बीटीटी, सहिया , जी एन एम और केंद्र के सभी कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आपूर्ति विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

## कम राशन वितरण किये जाने की होगी जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आपूर्ति विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी दीपू कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय प्रताप तिर्की, कार्यपालक दण्डाधिकारी संतोष महतो, सुमित प्रकाश, निशा कुमारी एवं ज्योति कुमारी उपस्थित थे। वहीं सभी एमओ एवं गोदाम प्रबंधक ऑनलाइन जुड़े। अप्रैल महीने में 13 दिन बीत जाने के बाद भी पटमदा प्रखंड में खाद्यान्न का वितरण शुरू नहीं होने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की । उन्होने स्पष्ट कहा कि



प्रखंड में खाद्यान्न उपलब्ध होते ही लाभुकों में वितरण शुरू होना चाहिए । शहरी क्षेत्र के पीडीएस डीलरों द्वारा कम मात्रा में खाद्यान्न वितरण किया गया है जिसका जांच संबंधित एमओ करेंगे। जिन पीडीएस डीलरों का वितरण कम प्रदर्शित हो रहा उनका जांच कर कार्रवाई की अनुशंसा करने का निदेश दिया गया । डाकिया योजना के अंतर्गत जिले के 5295 पीवीटीजी परिवारों में से 3196 को अप्रैल माह का खाद्यान्न का पैकेट मिल चुका है । वहीं पोटका एवं गोलमुरी-सह-जुगसलाई में वितरण शुरू नहीं हुआ है। एमओ को निदेशित किया गया कि अविलंब सभी पीवीटीजी परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचायें।

## डोबो पुल प्रतिमा स्थापित विवाद प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच हो : कुड़मी समाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आदिवासी कुड़मी समाज के केन्द्रीय प्रवक्ता हरमोहन महतो के नेतृत्व में कुड़मी समाज का प्रतिनिधिमंडल सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर डोबो पुल (कमारगोडा) में प्रतिमा लगाने को लेकर उत्पन्न विवाद प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की. उपायुक्त की अनुपस्थिति में ज्ञापन अपर उपायुक्त सुबोध कुमार को सौंपा गया. इस अवसर पर हरमोहन ने प्रशासन से आग्रह किया कि जिस प्रकार मानगो पुल का नामकरण लोकनायक जयप्रकाश नारायण और बिरसा मुंडा के नाम पर रखा गया है उसी तर्ज पर इस पुल का भी नाम बिरसा मुंडा



और रघुनाथ महतो के संयुक्त नाम से नामकरण किया जाए. वहीं कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो ने कहा कि दूसरे गुट द्वारा रघुनाथ महतो महतो की प्रतिमा हटाने की चर्चा की है, शहीद शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा किसी भी हालत में नही हटेगा। प्रशासन से मांग की कि जब तक जांच पूरी नही हो जाए उस स्थान पर यथास्थिति बनाकर रखा जाए. ज्ञापन सौंपनेवालों में कुड़मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो, राष्ट्रीय महासचिव अरविंद कुमार, कुड़मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बिशाल महतो, महेश्वर महतो, अचिंतो महतो, देवदीप महतो, मनोज महतो, विकाश महतो, जयप्रकाश महतो, पीडी महतो, सजय महतो, सचिन महतो आदि शामिल थे.

### जिला जज व एसएसपी से मिले समिति के सदस्य

## कल से काम पर लौटने का लिया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला बार संघ जमशेदपुर के सभी अधिवक्ता आज अपने न्यायिक कार्य से दूर रहे। वहीं तदर्थ समिति जिला बार संघ जमशेदपुर के चेयरमैन लाला अजीत कुमार अंबष्ट के नेतृत्व में लाइब्रेरी हाल में एक बैठक हुई। बैठक में तदर्थ समिति के सदस्य तापस कुमार मिश्रा, त्रिलोकी नाथ ओझा , जयप्रकाश, जितेंद्र कुमार, रंजन धारी, अक्षय झा , मिथिलेश सिंह, आनंद झा, नंदकिशोर झा समेत करीब 50 अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में तदर्थ समिति के सदस्यों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा से मुलाकात की और चंदन दूबे की गिरफ्तारी मामले के बारे में अवगत कराया। इसके बाद एसएसपी से मुलाकात कर मामले की जानकारी दी। तदर्थ समिति के सदस्यों को एसएसपी प्रभात कुमार ने आश्वासन दिया। वहीं तदर्थ समिति ने आम सहमति के आधार पर 15 अप्रैल से सभी अधिवक्ता अपने काम पर लौटने का निर्णय लिया।

## यूसील एमडी डॉ. सीके अस्नानी ने तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट का किया भ्रमण

### स्कूल व कंपनी क्वार्टर निर्माण समेत अन्य मुद्दे पर मजदूर प्रतिनिधियों के बीच हुई सकारात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील की आंध्र प्रदेश स्थित तुममापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट का आज कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ सी के अस्नानी ने भ्रमण किया व कम्पनी के वरीय अधिकारियों के साथ यूरेनियम उत्पादन के बढ़ोतरी व तरक्की में लेकर चर्चा की। इधर दौरे के बाद श्री अस्नानी ने मजदूर संगठनो के लिए भी वक्त निकला व स्कूल व क्वार्टर निर्माण को लेकर वाईएसआर तुम्मापल्ली यूरेनियम मजदूर संघ समेत कुल चार मजदूर संगठनों के साथ सकारात्मक बैठक की। बैठक में आवासीय कॉलोनी मैदान व मिल कैंटीन के कायाकल्प पर भी कंपनी सी एमडी श्री अस्नानी ने सहमति जताई व अगले माह मई



में होने वाली बोर्ड मिटिग तक धैर्य रखने का आश्वासन दिया।

**मजदूर कैंटीन में भोजन कर सीएमडी ने दिखाई सादगी:** यूसील के सीएमडी श्री अस्नानी ने तुम्मापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के अपने दौरे के क्रम में मजदूर कैंटीन भी गए व कम्पनी कर्मियों के लिए तैयार भोजन का मजदूर नेताओं के साथ स्वाद चखा।।उनकी इस सादगी का कंपनी कर्मियों ने खूब तारीफ की। इस मौके पर यूनियन नेताओं की ओर से एल अंकी रेड्डी, गगाधर यादव,मनोहर रेड्डी समेत अन्य मजदूर प्रतिनिधियों ने पहली बार कंपनी के मुखिया श्री अस्नानी के साथ साधारण कैंटीन में भोजन का आनंद उठाया।

## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में किशोर को भेजा रिमांड होम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र के एक गांव से पुलिस ने बुधवार की शाम को एक लड़का को एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस ने उसे रिमांड होम भेज दिया है। इस संबंध में लड़की के पिता ने पटमदा थाना में गुरुवार को आरोपी के खिलाफ उसकी बेटी को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा पीड़िता का मेडिकल जांच भी कराया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक यह घटना बुधवार की शाम करीब साढ़े छह बजे की है जब स्थानीय लोगों ने आरोपी किशोर को पकड़कर पिटाई भी कर दी थी और उसके बाद पुलिस को सूचना मिलने पर पटमदा के सर्किल इंस्पेक्टर हीरालाल महतो एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने उसे हिरासत में लिया था।

## अवैध निर्माण कार्य को सीओ ने रुकवाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** टाटा-कांड्रा मेन रोड स्थित भाटिया के समीप सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर भू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण कार्य को गम्हरिया सीओ के आदेश पर गुरुवार को बंद कराया गया। बताया गया है कि भाटिया मौजा अंतर्गत खाता संख्या 61, प्लॉट संख्या 58, थाना संख्या 127 जो झारखंड सरकार की अनावाद भूमि है। इस बावत सीओ को सूचना मिली कि भूमाफिया द्वारा उक्त भूमि को अतिक्रमित कर निर्माण कराया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में सीओ मनोज कुमार द्वारा अंचल निरीक्षक मनोज कुमार सिंह और अंचल कर्मचारी पंडित को स्थल जांच कर अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को रोकने का निर्देश दिया गया। सीओ के आदेश के पश्चात सीआई और कर्मचारी ने स्थल का निरीक्षण कर भूमि से



सम्बंधित कागजात की मांग की गई। किन्तु, किसी भी प्रकार का कागजात प्रस्तुत नही किए जाने के बाद उस निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाते हुए गया कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

## एक्सएलआरआई एक्सक्लूसिव एचआर कॉन्क्लेव सिंक्रोनाइज पर आयोजन कल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई ने कल्पना की और एक्सओएल के माध्यम से अपनी तरह का पहला एआईसीटीई अप्रूव्ड दो वर्षीय ऑनलाइन स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम सफलतापूर्वक लॉन्च किया। एक्सएलआरआई एक्सओएल पीजीडीएचआर हाई टेक, हाई पीपल पर एक विशेष एचआर कॉन्क्लेव सिंक्रोनी लॉन्च कर रहा है, जो विशेष रूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए एक अद्वितीय अवसर प्रदान करने के लिए क्यूरेट किया गया है, और प्रख्यात पेशेवरों और तेजी से विकसित एचआर परिदृश्य के क्षेत्र में नवीनतम रुझानों की खोज करता है। जिसमे मुख्य वक्ता अमित सचदेव डेटा इंटेलीजेंस- एचआर की रणनीतिक क्षमता की कुंजी पर टाटा बिजनेस के चीफ पीपुल ऑफिसर हैं। हनीदीप सिंह-सीनियर डायरेक्टर- एचआर, पांडो, योगेश कुमार शर्मा पहली पैनल पर चर्चा करेंगे। ग्लोबल लीडर टीए- ईबी, देबजीत भट्टाचार्य, हेड एचआर, पाइन लैब्स के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और तिलक दास, वाइस प्रेसिडेंट एचआर रिलायंस ट्रेंड्स वर्कप्लेस 2.0 द न्यू नॉर्मल पर चर्चा करेंगे। दूसरे पैनल डिस्कशन में मेजर (सेवानिवृत्त) दीप्ति तिवारी, सीएचआरओ एचसीजी ग्लोबल एंटरप्राइज, शांतनु धर सीएचआरओ हिंदुस्तान पावर, नितिन नाहटा सीएचआरओ गेम्सक्राफ्ट और शांतनु दास- सीएचआरओ एमवे विविधता, समानता, समावेश और अपनेपन पर चर्चा करेंगे की कैसे सामान्य से आगे बढ़े। कॉन्क्लेव 15 अप्रैल 2023 को सुबह 09:00 बजे शुरू होगा।

## युवा कांग्रेस जल्द करेगा जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय का तालाबंदी : नवनीत मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई विधानसभा यूथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत मिश्रा के नेतृत्व मे एक ज्ञापन जिला शिक्षा अधीक्षक सुश्री निशु कुमारी की अनुपस्थिति मे बड़ा बाबू महेंद्र कुमार शर्मा को दिया गया. यूथ कांग्रेस ने मांग की है कि जल्द से जल्द निशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम तहत 25 प्रतिशत बीपीएल कोटा से नामांकन की प्रक्रिया पारदर्शिता तरीका से कराई जाए एवं अभिभावक वर्ग को यह संतुष्टि दिलाया जाए की शिक्षा विभाग के द्वारा लिया गया बीपीएल



नामांक फॉर्म सभी निजी विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत भेजे गए हैं।ज्ञात हो कि वार्षिक सत्र सभी विद्यालयों का चालू हो गया है और निशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत अभी नामांकन प्रक्रिया भी प्रारंभ नहीं हुआ है। वही ज्ञापन के माध्यम से दूसरी मांग यूथ कांग्रेस ने किया है सभी विद्यालयों की सूची भी प्रकाशित करें की कौन-कौन विद्यालय में कितने कितने छात्र छात्राओं का नामांकन निशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत कराया गया है। यूथ कांग्रेस ने आगे चेतावनी दी है की यदि चार दिन बाद सूची नहीं प्रकाशित किया गया तो यूथ कांग्रेस जिला शिक्षा कार्यालय के समक्ष अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठेगी और जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में तालाबंदी करेगी। इस ज्ञापन देने वाले कार्यक्रम में मुख्य रूप पूर्वी विधानसभा के महासचिव ऋषभ श्रीवास्तव , राशिद करीम , अजीत भारती , इरशाद हैदर , सोनू भाटिया , विशाल एवम अन्य लोग उपस्थित थे ।

## शहीद जिरपा लाया के प्रतिमा पर विधायक ने श्रद्धांजलि दे किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** नीमडीह प्रखंड के बाड़ेदा पंचायत के टोला बुड़ीबासा में गुरुवार को वीर शहीद जिरपा लाया का शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने शहीद जिरपा लाया के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया। इस दौरान विधायक ने कहा वीर पुरुषो के आदर्श पर हमें चलने की आवश्कता है। मौके पर समाजसेवी बिपुल सिंह सरदार, मुखिया अरुण सिंह सरदार, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, हरे कृष्ण सिंह सरदार, संकर सिंह, सचिन महतो, ओम प्रकाश महतो, पोद्दों सिंह, आदि कमेटी के सदस्य, ग्रामीण व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संपादकीय

# बिन सीमाओं का पाठ्यक्रम

**स्कूली** शिक्षा का चेहरा और तरीका बदल सकता है। अब कला, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य, अर्थशास्त्र के बीच सरहदें समाप्त करने की अनुशंसाएं एक विशेषज्ञ समिति ने की हैं। यह समिति भारत सरकार द्वारा बनाई गई है। यदि 10वीं और 12वीं के छात्र में क्षमताएं और बहुदृष्टियां हैं, तो वह सिर्फ कला, मानविकी या विज्ञान अथवा वाणिज्य तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सभी अध्ययन एक साथ कर सकेगा। यह अध्ययन चार वर्ष तक, स्नातक स्तर तक, जारी रहेगा। विद्यार्थी को सालाना बोर्ड की परीक्षा के लिए तैयारी नहीं करनी पड़ेगी। वह चार साल के कालखंड में अपने अध्ययन पूरे कर सकेगा और उनके मुताबिक परीक्षा दे सकेगा। यह सोच और दृष्टि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी निहित है। विशेषज्ञ समिति ने ऐसा पाठ्यक्रम बनाने की सलाह दी है, ताकि पढ़ाई बहुआयामी और बहुअनुशासनीय साबित हो सके। पहले शिक्षा प्रणाली अलग-अलग सीमाओं में बंटी और बंधी थी। यदि छात्र स्नातक स्तर तक कला-मानविकी विषयों में अध्ययन करना चाहता था, तो वह कुछ ही विषयों तक सीमित थी। यही स्थिति विज्ञान की रही है। चिकित्सा विज्ञान वाले छात्र डॉक्टरी की तरफ बढ़ते थे। विज्ञान की दूसरी दिशा गणित, फिजिक्स, कैमिस्ट्री आदि की थी। वाणिज्य की स्नातकी इन सबसे भिन्न रही है। इन दशकों में यह महसूस किया जाता रहा है कि परंपरागत शिक्षा या कला, विज्ञान, वाणिज्य की सीमाएं विद्यार्थी को वह बुनियादी ज्ञान प्रदान नहीं कर पाती थीं, जो समय की गंभीर चुनौतियों के मद्देनजर अनिवार्य है। आज औसत किशोर छात्र के सामने भी जलवायु-परिवर्तन और अन्य पर्यावरणीय संकटों की गंभीर चुनौतियां हैं। नौजवान होता छात्र अपनी परंपरागत पढ़ाई के जरिए यह नहीं सीख पाता कि समकालीन चुनौतियों से लड़ा कैसे जाए? और मानवीय अस्तित्व को लंबे समय तक सुरक्षित कैसे रखा जाए? आज के छात्र को राजनीति, अर्थशास्त्र, समाज-शास्त्र के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं, बदलावों का अध्ययन भी पढना जरूरी है। अब शिक्षा के अनुशासन और प्रकार बहुकिस्मी होने चाहिए। यदि आज एक औसत जानकार को अर्थशास्त्रीय मॉडल को आकार देना है, तो मानवीय समझ की एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है। वाणिज्य के मायने अब सिर्फ व्यापार, बही-खाते ही नहीं हैं। उनके विस्तार हुए हैं। औद्योगिक क्रांतियों में मानविकी के महत्त्व को कई शोध-पत्रों में रेखांकित और विश्लेषित किया गया है। यदि स्कूली स्तर से ही शिक्षा में बहुआयामी बदलाव करने हैं, तो नए पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क पर सोचना और क्रियान्वित करना लाजिमी है। यह पाठ्यक्रम कब तक तैयार हो पाएगा, अभी निश्चित नहीं है। अभी तो अनुशंसाएं सामने आई हैं। इन पर विपक्ष और शिक्षा विशेषज्ञों की रायशुमारी भी अपेक्षित है। परंपरागत शिक्षा का क्या होगा? छात्र प्राथमिक शिक्षा के दौरान भाषा, लिखावट, गणित आदि सीखता रहा है, तो उस प्रणाली का क्या होगा? जिन छात्रों में गणित के प्रति एक भय, एक निश्चित धारणा है, उसका क्या होगा? क्या गणित और परंपरागत प्रणाली के स्थान पर खेल, गतिविधियां, खोज और बहस आधारित प्राथमिक सीख आदि को लागू किया जाएगा? आने वाले समय में विशेषज्ञ समिति 'प्री-ड्राफ्ट' को लेकर कई बैठकें करेगी, विमर्श होगा। यह सुनिश्चित करना सबसे जरूरी काम है कि जो भी सुधार और सुझाव लागू किए जाएंगे, वे अस्थायी होंगे और किसी भी स्तर पर अन्याय नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के डाटा के मुताबिक, देश में एक लाख से अधिक सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जिनमें औसतन एक ही अध्यापक कार्यरत है। उस पर कई और जिम्मेदारियां भी हैं। वह इकलौता अध्यापक पढ़ाई-लिखाई को 'रचनात्मक गतिविधि' कैसे बना सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ऐसी अपेक्षा की गई है। मिश्रित किस्म की शिक्षा को ऐसे अध्यापक कैसे लागू कर पाएंगे? शिक्षा नीति को लेकर कई और चिंताएं भी हैं। अध्यापक को सशक्त करने की आदर्श-बात कही गई है। सुधार होने ही चाहिए।


विद्यार्थी को सालाना बोर्ड की परीक्षा के लिए तैयारी नहीं करनी पड़ेगी। वह चार साल के कालखंड में अपने अध्ययन पूरे कर सकेगा और उनके मुताबिक परीक्षा दे सकेगा। यह सोच और दृष्टि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी निहित है। विशेषज्ञ समिति ने ऐसा पाठ्यक्रम बनाने की सलाह दी है, ताकि पढ़ाई बहुआयामी और बहुअनुशासनीय साबित हो सके। पहले शिक्षा प्रणाली अलग-अलग सीमाओं में बंटी और बंधी थी। यदि छात्र स्नातक स्तर तक कला-मानविकी विषयों में अध्ययन करना चाहता था, तो वह कुछ ही विषयों तक सीमित थी। यही स्थिति विज्ञान की रही है। चिकित्सा विज्ञान वाले छात्र डॉक्टरी की तरफ बढ़ते थे। विज्ञान की दूसरी दिशा गणित, फिजिक्स, कैमिस्ट्री आदि की थी। वाणिज्य की स्नातकी इन सबसे भिन्न रही है। इन दशकों में यह महसूस किया जाता रहा है कि परंपरागत शिक्षा या कला, विज्ञान, वाणिज्य की सीमाएं विद्यार्थी को वह बुनियादी ज्ञान प्रदान नहीं कर पाती थीं, जो समय की गंभीर चुनौतियों के मद्देनजर अनिवार्य है।


## कुछ अलग

# डिग्रियों के कंकाल

**आम** आदमी पार्टी (आप) ने 'डिग्री दिखाओ' अभियान छेड़ा है। सबसे पहले केजरीवाल सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने अपनी शैक्षिक डिग्रियों का खुलासा किया है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक किया और स्नातकोत्तर दो डिग्रियां विदेशी विश्वविद्यालय से प्राप्त कीं। 'आप' के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आईआईटी की डिग्री हासिल की। बाद में भारतीय राजस्व सेवा के लिए उनका चयन हो गया। 'आप' एक अपेक्षाकृत नई राजनीतिक पार्टी है। नई पीढ़ी के कुछ शिक्षित लोग इसके सदस्य हो सकते हैं, लेकिन वे देश के प्रधानमंत्री बन सकेंगे या एक सफल राजनीतिज्ञ साबित होंगे अथवा वे राजनीतिक सत्ता के दौरान एक सशक्त और दूरदर्शी प्रशासनिक हस्ती और मंत्री बन सकेंगे, इनकी सिर्फ संभावनाएं ही की जा सकती हैं। करीब छह दशकों से भारतीय राजनीति में सक्रिय रहे और भारत सरकार में रक्षा और कृषि मंत्री रहे शरद पवार की गणना देश के कद्दावर और चतुर नेताओं में की जाती रही है। पवार अपेक्षाकृत पुरानी पीढ़ी के सफल राजनेता रहे हैं। सिर्फ शैक्षिक डिग्री के आधार पर उन्होंने राजनीतिक मंजर पार नहीं किए हैं। कांग्रेस सरकारों में केंद्रीय मंत्री रहे एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद भी शरद पवार की जमात के राजनीतिज्ञ हैं। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और उनके समकालीन नेताओं और मंत्रियों की बात छोड़ दें, क्योंकि वह संक्रमण काल था, तो भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी, उनके बाद के प्रधानमंत्रियों और मंत्रियों, राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रहे अनंत नेताओं से न तो डिग्रियां पूछी गईं और न ही डिग्रियों के आधार पर उनके राजनीतिक आकलन किए गए, लेकिन वे अपने-अपने कालखंड के कामयाब नेता रहे। लोकतंत्र, राजनीति और शैक्षिक डिग्रियों की कोई आपसी पूरकता ही नहीं है। दरअसल यह केजरीवाल और 'आप' के नेताओं की राजनीतिक अपरिपक्वता ही है कि उन्होंने 'डिग्री दिखाओ' अभियान शुरू किया है। उन्हीं की पार्टी में कई नेताओं की शैक्षिक योग्यता और विलक्षणता सवालिया है। शायद वे इस अभियान में आगे पेश न किए जाएं। पवार, आजाद और प्रधानमंत्री मोदी सरीखे कद्दावर राष्ट्रीय नेताओं के सामने आतिशी का उदाहरण बेहद बौना है। पवार और गुलाम नबी का मानना है कि डिग्रियां किसी भी आम चुनाव का प्रमुख मुद्दा हो ही नहीं सकतीं। यदि आप डिग्रीधारी हैं, तो प्रोफेसर, अध्यापक, मैनेजर या लिपिक की नौकरी कर सकते हैं। डिग्री दूरदर्शी सोच और विजन की गारंटी नहीं है। यदि लंबे वक्त तक आप बेरोजगार रहे हैं और उनके जैसे असंख्य नौजवान हैं, तो यह राष्ट्रीय मुद्दा हो सकता है।


नई पीढ़ी के कुछ शिक्षित लोग इसके सदस्य हो सकते हैं, लेकिन व `देश के प्रधानमंत्री बन सकेंगे या एक सफल राजनीतिज्ञ साबित होंगे अथवा वे राजनीतिक सत्ता के दौरान एक सशक्त और दूरदर्शी प्रशासनिक हस्ती और मंत्री बन सकेंगे, इनकी सिर्फ संभावनाएं ही की जा सकती हैं। करीब छह दशकों से भारतीय राजनीति में सक्रिय रहे और भारत सरकार में रक्षा और कृषि मंत्री रहे शरद वपार की गणना देश के कद्दावर और चतुर नेताओं में की जाती रही है।


## एक बेहतर कार्य योजना बनाई जाए ताकि आस्था की मर्यादा पर आंच न आए

# वृंदावन में गुंडागर्दी क्यों?

डा. वरिंदर भाटिया


धार्मिक स्थानों पर बुरा इंतजाम देश के अनेक भागों देखने में आता रहा है। इसी तरह 31 दिसंबर 2021 की रात माता वैष्णो देवी दरबार में हुए हादसे में 12 लोगों की मौत होने से एक दर्जन घरों में नए साल का जश्न मातम में बदल गया था। बताया जा रहा है कि आने-जाने वाले रास्ते पर बेरिकेडिंग की हुई थी जोकि भीड़ को देखते हुए हटा दी गई थी। पिछले 10 सालों पर नजर दौड़ाएं तो अभी तक करीब साढ़े छह सौ लोग इस तरह के हादसों में जान गंवा चुके हैं।सबसे बड़ा हादसा माता नैना देवी मंदिर परिसर में 2006 में हुआ था। हिमाचल प्रदेश में हुए इस हादसे में 160 लोगों की जान चली गई थी। वहीं करीब 400 लोग घायल हुए थे। बात क्योंकि वृंदावन की हो रही है, इस तीर्थ स्थल का भवगान श्री कृष्ण के भक्तों के लिए बहुत महत्व है। इसकी खास जानकारी पाठकों को होनी चाहिए।


**उत्तर** प्रदेश के मथुरा-वृंदावन को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। इस घटना में पार्किंग संचालकों ने बाहर के श्रद्धालुओं से मारपीट की। इस मारपीट में श्रद्धालुओं के कपड़े तक फाड़ दिए गए। घटना का वीडियो वायरल होने से हडकंप मच गया। बताया जा रहा है कि घटना वृंदावन-सुनरख रोड की है। बताया जा रहा है कि यह मारपीट अवैध वसूली को लेकर हुई। जैंत थाना क्षेत्र के वृंदावन-सुनरख रोड स्थित नगला रामताल पर बांके बिहारी श्री हरिदास पार्किंग में यह घटना हुई। पार्किंग संचालक अवैध वसूली कर रहा था जिसका विरोध करने पर उसने श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता की। यही नहीं उसने महिलाओं और बच्चों को गालियां भी दीं। एक वायरल हो रहे वीडियो में रामताल रोड पर छह शिखर मंदिर के पास एक पार्किंग पर संचालक दबंग श्रद्धालुओं को लाठी-डंडों से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। वृन्दावन में पार्किंग के अवैध वसूली के बारे में, वहां जाने वाला हर श्रद्धालु जानता है, पर वहां की व्यवस्था नही जानती, ऐसा क्यों है। अभी पिछली जन्माष्टमी पर बांके बिहारी मंदिर में रात दो बजे मंगला आरती के दौरान दम घुटने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। छह श्रद्धालुओं की तबीयत बिगडने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि 50 से ज्यादा लोग बेहोश होकर गिर पड़े। धार्मिक स्थानों पर बुरा इंतजाम देश के अनेक भागों देखने में आता रहा है। इसी तरह 31 दिसंबर 2021 की रात माता वैष्णो देवी दरबार में हुए हादसे में 12 लोगों की मौत होने से एक दर्जन घरों में नए साल का जश्न मातम में बदल गया था। बताया जा रहा है कि आने-जाने वाले रास्ते पर बेरिकेडिंग की हुई थी जोकि भीड़ को देखते हुए हटा दी गई थी। पिछले 10 सालों पर नजर दौड़ाएं तो अभी तक करीब साढ़े छह सौ लोग इस तरह के हादसों में जान गंवा चुके हैं। सबसे बड़ा हादसा माता नैना देवी मंदिर परिसर में 2006 में हुआ था। हिमाचल प्रदेश में हुए इस हादसे में 160 लोगों की जान चली गई थी। वहीं करीब 400 लोग घायल हुए थे। बात क्योंकि वृंदावन की हो रही है, इस तीर्थस्थल का भगवान श्री कृष्ण के भक्तों के लिए बहुत महत्व है। इसकी खास जानकारी पाठकों को होनी चाहिए। वृन्दावन मथुरा से 12 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर-पश्चिम में यमुना तट पर स्थित है। यह कृष्ण की लीलास्थली है। हरिवंश पुराण, श्रीमद्भागवत, विष्णु पुराण आदि में वृन्दावन की महिमा का वर्णन किया गया है। कालिदास ने इसका उल्लेख रघुवंश में इंदुमती स्वयंवर के प्रसंग में



शूरसेनाधिपति सुषेण का परिचय देते हुए किया है। इससे कालिदास के समय में वृन्दावन के मनोहारी उद्यानों की स्थिति का ज्ञान होता है। श्रीमद्भागवत के अनुसार गोकुल से कंस के अत्याचार से बचने के लिए नंद जी कुटुंबियों और सजातियों के साथ वृन्दावन निवास के लिए आए थे। कहते हैं कि वर्तमान वृन्दावन असली या प्राचीन वृन्दावन नहीं है। श्रीमद्भागवत के वर्णन तथा अन्य उल्लेखों से जान पड़ता है कि प्राचीन वृन्दावन गोवर्धन के निकट था। गोवर्धन धारण की प्रसिद्ध कथा की स्थली वृन्दावन पारसौली (परम रासस्थली) के निकट था। एक तरफ जहाँ वृन्दावन मे श्रद्धालुओं को पीटा जा रहा है वहां वृन्दावन का नाम आते ही हम सब का मन पुलकित हो उठता है। योगेश्वर श्रीकृष्ण की मनभावन मूर्ति आँखों के सामने आ जाती है। उनकी दिव्य अलौकिक लीलाओं की कल्पना से ही मन भक्ति और श्रद्धा से नतमस्तक हो जाता है। वृन्दावन को ब्रज का हृदय कहते है जहाँ राधा-कृष्ण ने अपनी दिव्य लीलाएँ की हैं। इस पावन भूमि को पृथ्वी का अति उत्तम तथा परम गुप्त भाग कहा गया है। पद्म पुराण में इसे भगवान का साक्षात शरीर, पूर्ण ब्रह्म से सम्पर्क का स्थान तथा सुख का आश्रय बताया गया है। इसी कारण से यह अनादि काल से भक्तों की श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। चैतन्य महाप्रभु, स्वामी हरिदास, हितहरिवंश, महाप्रभु वल्लभाचार्य आदि अनेक गोस्वामी भक्तों ने इसके वैभव को सजाने और संसार को अनश्वर सम्पति के रूप में प्रस्तुत करने में जीवन लगाया है। यहाँ आनन्दप्रद युगलकिशोर श्रीकृष्ण एवं राधा की अद्भुत नित्य विहार लीला होती रहती है। इस पावन स्थली का वृन्दावन नामकरण कैसे हुआ, इस संबंध में अनेक मत हैं। 'वृन्दा' तुलसी को कहते हैं। यहाँ तुलसी के पौधे अधिक थे। इसलिए इसे वृन्दावन कहा गया। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार वृन्दा राजा केदार की पुत्री थी। उसने इस वनस्थली में घोर तप किया था। अतः इस वन का नाम वृन्दावन हुआ। कालान्तर में यह वन धीरे-धीरे बस्ती के रूप में विकसित होकर आबाद हुआ। ब्रह्म वैवर्त पुराण में राजा कुशध्वज की पुत्री जिस तुलसी का शंखचूड़ से विवाह आदि का वर्णन है, तथा पृथ्वी लोक में हरिप्रिया वृन्दा या तुलसी जो वृक्ष रूप में देखी जाती हैं इन्हीं वृन्दा देवी के नाम से यह वृन्दावन प्रसिद्ध है। इसी पुराण में कहा गया है कि श्रीराधा के सोलह नामों में से एक नाम वृन्दा भी है। वृन्दा अर्थात राधा अपने प्रिय कृष्ण से मिलने की आकांक्षा लिए इस वन में निवास करती हैं और इस स्थान के कण-कण को पावन तथा रसमय करती हैं। विशेषकर यह वृन्दावन भगवान श्रीकृष्ण का लीला क्षेत्र है। किसी संत ने कहा है कि 'वृन्दावन सो वन नहीं, नन्दगांव सो गांव। बंशीवट सो बट नहीं, कृष्ण नाम सो नाम।' वृन्दावन का इतना अधिक महत्व होने के बावजूद मीडिया रिपोट्र्स बताती हैं कि श्री कृष्ण की नगरी में जगह-जगह संचालित अवैध पार्किंग संचालक मानकों को दरकिनार कर आज भी मनमानी वसूली कर रहे हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई करने से पुलिस और नगर निगम के अधिकारी भी पीछे हट रहे हैं, जबकि यहां आए दिन विवाद होते हैं। हाल ही में प्रेम मंदिर के पीछे सुनरख मार्ग पर पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर श्रद्धालुओं के साथ हुई मारपीट के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। रिपोट्र्स बताती हैं कि बीते लगभग एक साल से वृंदावन में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ी है। इससे शहर और बाहर पार्किंग की संख्या में इजाफा हुआ है। वृंदावन में रुक्मिणी विहार, प्रेम मंदिर, इस्कॉन, चैतन्य विहार, हरिनिकुंज, किशोरपुरा, गौतम पाड़ा, परिक्रमा मार्ग, अटल्ला चुंगी, पागल बाबा मंदिर के समीप, सुनरख मार्ग, नगला रामताल आदि क्षेत्रों में सौ से अधिक अवैध पार्किंग संचालित हो रही हैं। यहां हर दिन हजारों गाडियां पुलिस और नगर निगम की मिलीभगत से पार्क हो रही हैं और संचालक चांदी काट रहे हैं। इन पार्किंग में न तो टॉयलेट की व्यवस्था है और न ही आग बुझाने के उपकरण। पिछले रविवार को हर रविवार की तरह वृंदावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन के लिए रविवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा था। मंदिर की तरफ जाने वाले रास्ते श्रद्धालुओं से भरे नजर आए। भीड़ के आगे प्रशासन के सारे इंतजाम धरे रह गए। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं ठाकुर श्रीबांके बिहारीजी की झलक पाने के लिए भीड़ के साथ आगे बढ़े जा रहे थे। मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर जनसैलाब हिलोरें मार रहा था।

# बहुत याद आएंगे सलीम दुर्रानी


सलीम दुर्रानी जब मैदान में होते थे, तो कोई भी लम्हा नीरस नहीं होता था। सलीम दुर्रानी के लिए मशहूर था कि वे दर्शकों की मांग पर छक्का मारते थे। उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल हरफनमौला क्रिकेटर माना जाता था। दर्शकों की छक्के की मांग को व `फौरन पूरा करते थे। वे राजधानी में सालों राजस्थान की तरफ से रणजी ट्रॉफी के मैच खेलने के लिए करनैल सिंह स्टेडियम में आया करते थे। राजस्थान की उस दौर की टीम में हनुमंत सिंह, लक्ष्मण सिंह तथा कैलाश गट्टानी जैसे स्टार प्लेयर होते थे। हनुमंत सिंह तो सेंट स्टीफंस कॉलेज के स्टूडेंट रहे थे। पर सलीम दुर्रानी की लोकप्रियता के सामने बाकी सब उन्नीस थे। उनकी बेखौफ बल्लेबाजी को देखने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान लाला अमरनाथ वशिष रूप से स्टेडियम में आया करते थे। लाला अमरनाथ करनैल सिंह स्टेडियम के पीछे पचकुइयां रोड में रेवले के बंगले में रहा करते थे। उन्हें घर से वसंत लेन होते हुए स्टेडियम पहुंचने में पांच मिनट से अधिक नहीं लगते थे।लाला अमरनाथ कहते थे कि सलीम दुर्रानी की बैटिंग देखकर दिल खुश हो जाता है। उन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता था। उन्हें देखने और उनके आटोग्राफ लेने व ालों की लंबी लाइन होती थी। सलीम दुर्रानी ने भारत के लिए अपना पहला टेस्ट मैच पहली जवनरी, 1960 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला था।


**सलीम** दुर्रानी के बीते रविवार को निधन से भारत ने अपना 1960 और 1970 के दशकों के एक बेहद लोकप्रिय और लाजवाब क्रिकेटर खो दिया। सलीम दुर्रानी ने गुजरात के जामनगर में आखिरी सांस ली। सलीम दुर्रानी जब मैदान में होते थे, तो कोई भी लम्हा नीरस नहीं होता था। सलीम दुर्रानी के लिए मशहूर था कि वे दर्शकों की मांग पर छक्का मारते थे। उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल हरफनमौला क्रिकेटर माना जाता था। दर्शकों की छक्के की मांग को वे फौरन पूरा करते थे। वे राजधानी में सालों राजस्थान की तरफ से रणजी ट्रॉफी के मैच खेलने के लिए करनैल सिंह स्टेडियम में आया करते थे। राजस्थान की उस दौर की टीम में हनुमंत सिंह, लक्ष्मण सिंह तथा कैलाश गट्टानी जैसे स्टार प्लेयर होते थे। हनुमंत सिंह तो सेंट स्टीफंस कॉलेज के स्टूडेंट रहे थे। पर सलीम दुर्रानी की लोकप्रियता के सामने बाकी सब उन्नीस थे। उनकी बेखौफ बल्लेबाजी को देखने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान लाला अमरनाथ विशेष रूप से स्टेडियम में आया करते थे। लाला अमरनाथ करनैल सिंह स्टेडियम के पीछे पचकुइयां रोड में रेलवे के बंगले में रहा करते थे। उन्हें घर से वसंत लेन होते हुए स्टेडियम पहुंचने में पांच मिनट से अधिक नहीं लगते थे। लाला अमरनाथ कहते थे कि सलीम दुर्रानी की बैटिंग देखकर दिल खुश हो जाता है। उन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता था। उन्हें देखने और उनके आटोग्राफ लेने वालों की लंबी लाइन होती थी। सलीम दुर्रानी ने भारत के लिए अपना पहला टेस्ट मैच पहली जनवरी, 1960 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला था। दुर्रानी ने लगभग 13 साल क्रिकेट खेला और भारत का जोरदार प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने खेले गए 29 टेस्ट में 25.04 की औसत से बल्लेबाजी करते हुए 1202 रन बनाए, जिसमें उनके बल्ले से एक शतक और सात अर्धशतक थे। वह एक ऐसे बल्लेबाज थे जो फैंस की मांग पर छक्का लगाया करते थे। इसके अलावा सलीम दुर्रानी ने गेंदबाजी में भी अपना खूब नाम किया है। उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर में 75 विकेट भी झटके हैं। वह एक लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाज थे। सलीम दुर्रानी ने भारत का सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में ही प्रतिनिधित्व किया है। सलीम दुर्रानी ने भारत को साल 1971 में वेस्टइंडीज की सरजमीं पर पहली टेस्ट जिताने में अहम रोल निभाया था। पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में कुछ गेंदों के अंदर ही क्लाइव लॉयड और कप्तान गैरी सोबर्स को सस्ते में आउट कर दिया था। उस मैच की दूसरी पारी में उन्होंने 17 ओवर में सिर्फ 21 रन दिए थे। सलीम दुर्रानी 1961-62 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली टेस्ट सीरीज जीत के हीरो रहे थे। उन्होंने कोलकाता और चेन्नई में खेले गए टेस्ट मैच में आठ और 10 विकेट हासिल किए थे। सलीम दुर्रानी साल 2005 से 2007 के बीच लगातार दिल्ली आने लगे थे। वे वसंत कुंज के एक फ्लैट में रहा करते थे। दरअसल यहां पर उनके नाम पर एक क्रिकेट चैंपियनशिप आयोजित हुई थी। तब उन्हें आयोजकों ने दिल्ली बुलाकर वसंत कुंज में रहने को फ्लैट दे दिया था। सलीम दुर्रानी दोस्ताना किस्म के इंसान थे। अमूमन उनकी शामें प्रेस क्लब में ही गुजरती थीं। वहां पर उन्हें दोस्त घेरे रहते। वे कैरम भी खेलते और आमतौर पर जीत जाते। उनके पास क्रिकेट की दुनिया से जुड़े तमाम किस्से थे। पर वे राजधानी में क्रिकेट कोचिंग के किसी भी प्रस्ताव को मानने के लिए तैयार नहीं होते थे। यह बात समझ नहीं आई कि सलीम भाई ने कभी कोचिंग क्यों नहीं की। सलीम दुर्रानी फक्कड़ किस्म के मनुष्य थे। उनके पुराने दोस्तों को याद आ रहे हैं उनके साथ गुजारे यादगार लम्हे। वे प्रेस क्लब में हमेशा बिल देने की जिद करते थे। फिर खुद ही अपने हाथ खींच लेते थे। बाद में बड़ी ही मासूमियत से कहते थे- 'अच्छा हुआ बिल आपने दे दिया। मेरे पास तो पैसे हैं ही नहीं।' सलीम दुर्रानी का जन्म 11 दिसंबर 1934 को हुआ था। उनका जन्म स्थल अफगानिस्तान की राजधानी काबुल था। लेकिन कुछ ही समय बाद परिवार आठ माह के सलीम दुर्रानी को लेकर पाकिस्तान के कराची में आकर बस गया था। भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद परिवार भारत में आ गया। उनके पिता अब्दुल अजीज भी एक बेहतरीन क्रिकेटर थे। उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज हनीफ मोहम्मद को भी कोचिंग दी थी। घरेलू क्रिकेट में सलीम दुर्रानी ने सौराष्ट्र (1953) से शुरुआत की थी। फिर वह 1954 से 1956 तक गुजरात की ओर से खेले। तत्पश्चात लम्बे समय तक (1956 से 1978) राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया था। दुर्रानी फैंस के बीच काफी पॉपुलर थे, इसका नजारा साल 1973 में इंग्लैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट में देखने को मिला। उनको प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया।इसके बाद फैंस ने मैच के दौरान साइन बोर्ड पर 'नो दुर्रानी नो टेस्ट' लिखकर इसका विरोध किया। सलीम दुर्रानी का व्यक्तित्व सुदर्शन था। आकर्षक लगने वाले, खुशमिजाज व्यक्तित्व के धनी सलीम दुर्रानी ने बॉलीवुड फिल्म में भी अपना दांव लगाया था। 1973 में सलीम दुर्रानी ने 'चरित्र' नाम की एक फिल्म में एक्टिंग की थी। इस फिल्म में सलीम दुर्रानी ने उस समय की स्टार अभिनेत्री परवीन बॉबी के साथ काम किया था। हालांकि फिल्म पिट गई थी। सलीम दुर्रानी आखिरी दिनों में आर्थिक संकट स जूझ रहे थे। उनके पास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की पेंशन के अलावा आय का कोई दूसरा स्रोत नहीं था। उनके करीबी कहते हैं कि सलीम दुर्रानी ने वक्त रहते पैसा सही से इनवेस्ट नहीं किया। इस कारण से उन्हें जीवन के संध्याकाल में कष्ट हुए। उन्होंने क्रिकेट को छोड़ने के बाद कहीं कोई नौकरी भी नहीं की। जाहिर है उन्हें दिक्कतें आईं। बहरहाल, सलीम दुर्रानी जैसा प्यार बहुत कम खिलाड़ियों को अपने चाहने वालों से नसीब होता है। भारतीय क्रिकेट के चाहने वालों के दिलों में वे हमेशा जिंदा रहेंगे।



## नागरिक बोध

# सरकार पर हमला बोलने के लिए उद्योगपतियों पर क्यों साधा जाता है निशाना?

**महाराष्ट्र** की राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अडाणी मुद्दे पर केंद्र सरकार के पक्ष का समर्थन करते हुए कहा है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे की जांच के लिए एक कमेटी बैठा दी है तो जेपीसी की मांग पर जोर नहीं देना चाहिए। उनके इस बयान के तमाम राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं। लेकिन अपने आपको अनुभवी नेता कहलवाने वाले पवार ने यदि यह बयान कुछ समय पहले दिया होता और विपक्षी दलों को समझाया होता तो संभवतः संसद सत्र का कीमती समय बर्बाद नहीं हुआ होता। पवार ने जेपीसी की जरूरत नहीं है, के अलावा यह भी कहा है कि एक जमाना ऐसा था जब सत्ताधारी पार्टी की आलोचना करनी होती थी तो हम टाटा-बिड़ला का नाम लेते थे। आजकल हम अंबानी-अडानी का नाम लेते हैं। यहां सवाल शरद पवार और उन तमाम विपक्षी दलों के नेताओं से है कि क्यों सरकार पर हमला बोलने के लिए उद्योगपतियों पर निशाना साधा जाता है? राष्ट्र निर्माण में उद्योगपतियों का योगदान कम नहीं बल्कि इन हंगामा करने वाले नेताओं से ज्यादा ही है। जब देश आजाद हुआ था तब यहां सुई भी नहीं बनती थी और आज हम हर चीज बना रहे हैं। यदि हम इस काबिल बने हैं तो इसका श्रेय निजी क्षेत्र को ही सर्वाधिक जाता है क्योंकि निवेश करने का जोखिम उद्योगपतियों ने ही उठाया। हमें एक बात और समझनी होगी कि उद्योगपति यदि पैसा लगायेगा तो वह चैरिटी के लिए तो लगायेगा नहीं, मुनाफा कमाने के उद्देश्य से ही लगायेगा। लेकिन हमें यह भी देखना चाहिए कि उसके मुनाफा कमाने के उद्देश्य से कितने लोगों को रोजगार मिलता है, कितने लोगों का घर चलता है। एक तरफ सरकारी नौकरियां कम होती जा रही हैं और यदि दूसरी तरफ हम निजी क्षेत्र का रास्ता रोकने लगेंगे तो नौकरियां देगा कौन? हिंडनबर्ग कौन है, कहां से आया, उसकी रिपोर्ट का आधार क्या था, यह जाने समझे बिना सभी अडाणी के पीछे पड़ गये।

## देश दुनीया से

# पशुपालन को लाभदायक बनाने के आयाम

**भारत** वर्ष एक कृषि प्रधान देश है जिसकी आधे से ज्यादा आबादी पूर्णतः या बहुत हद तक कृषि पर ही आजीविका के लिए निर्भर है। कृषि कार्य का भारतवर्ष का इतिहास हजारों साल पुराना है। यहां करीब 12 हजार साल से कृषि की जा रही है। यहां कृषि कार्य को शुरू से ही पशुपालन से जोड़ कर देखा गया। इस कारण भूमि को पर्याप्त मात्रा में जैविक खाद मिलता रहा और इसी के चलते हजारों वर्षों के बाद भी कृषि भूमि उपजाऊ बनी हुई है। जबकि पश्चिमी देश खास कर अमेरिका जैसे देश जो कुछ सौ वर्ष के खेती के इतिहास के बावजूद भी भूमि की उर्वरता शक्ति के ह्रास की समस्याओं से दो चार होने लग पड़े हैं। इसके अलावा पशुपालन किसान के लिए अतिरिक्त नकद आय का साधन रहा है। इसी कारण पशु धन को माल भी कहा जाता रहा है। पशु पालकों को मालधारी कहा जाता रहा है। औद्योगिक क्रांति से पहले तक ऊर्जा का मुख्य साधन भी पशु ही रहा है। दुर्भाग्य से औद्योगिकरण-मशीनीकरण के चलते पशु शक्ति का सीधे सीधे ऊर्जा के रूप में प्रयोग तो घटता ही जा रहा है, जिस कारण पशुपालन भी घाटे का सौदा होता जा रहा है। लोग अनुत्पादक पशुओं को खुला लावारिस छोड़ रहे हैं। इससे एक ओर रासायनिक खाद पर अतिनिर्भरता बढ़ रही है जो भूमि की उपजाऊ शक्ति के लिए घातक है, दूसरी ओर किसान, जो पहले ही कृषि में लाभ की कमी की चपेट में है, वह पशु धन के रूप में उपलब्ध संसाधन से राहत प्राप्त करने की क्षमता का उपयुक्त दोहन भी नहीं कर पा रहा है। इसलिए पशुधन के वैकल्पिक उपयोग के बारे में सोच कर नवाचार को बढ़ावा देकर कुछ रास्ते निकल सकते हैं। भारतवर्ष में गाय और भैंस की कुल संख्या 30 करोड़ के लगभग है। 12 किलो प्रति पशु की दर से प्रतिदिन 360 करोड़ किलो गोबर पैदा होता है। एक किलो बायो गैस बनाने के लिए 20 किलो गोबर चाहिए। इसका अर्थ हुआ 18 करोड़ किलो गैस प्रति दिन। इसे सिलिंडर में भरें तो एक करोड़ बीस लाख सिलिंडर रोज़ की क्षमता देश में है। यदि इस संसाधन को पूरी तरह से प्रयोग करने की क्षमता हासिल कर ली जाए तो देश की 50 फीसदी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। इसके लिए सारी तकनीक तो उपलब्ध ही है। केवल इच्छा शक्ति के साथ जुट जाने की बात है। गोबर गैस बनाने के दोहरे फायदे हैं। एक तो ऊर्जा पैदा होगी, जो हमारी खनिज तेल पर निर्भरता को कम करेगी, दूसरे बढिया खाद भी प्राप्त होगी, किसान को नकद लाभ होगा और खनिज तेल का उपयोग कम होने से वायु प्रदूषण भी कम होगा। इतने बड़े संसाधन के होते हुए इसकी अनदेखी करना ठीक नहीं है। इस संसाधन के दोहन से कितने ही रोजगार भी पैदा होंगे। इसी तरह गोमूत्र का दवाई के लिए उपयोग करके भी किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। आज कल गोबर से अन्य कई तरह के उत्पाद बनाने का भी चलन हुआ है। गोबर से कागज़ बनाया जा रहा है, जो अच्छी गुणवत्ता का है और कागज़ बनाने की प्रक्रिया के बाद बचे अवशेषों से खाद बनाई जा सकती है। इससे भी पेड़ बिना काटे कागज़ उत्पादन करके पर्यावरण संरक्षण भी होगा। गोबर के साथ थोड़ी मिट्टी मिला कर बढिया गमले व दीये आदि भी बनाए जा रहे हैं। इसके लिए छोटी छोटी मशीनें भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा गो काष्ठ का भी उत्पादन लाभदायक हो सकता है। इसके लिए अलग अलग डाई से गोल या चौकोर गोबर की लकडियां बनाई जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में इन लकडियों का प्रयोग हवन और शवदाह के लिए करने का चलन बढ़ रहा है। ये लकडियां बनाने की मशीन भी उपलब्ध है जो दबाव से एक सिरे से गोबर डाल कर दूसरे सिरे से लकड़ी निकालती है। इन लकडियों को उपलों की तरह सुखा कर उपलों से कहीं ज्यादा अच्छा ईंधन प्राप्त किया जा सकता है, क्योंकि यह दबाव द्वारा सख्त किया जाता है। इन लकडियों के अच्छे प्रज्वलन के लिए इनके बीच में एक इंच का छेद रहता है। शव दाह के लिए दो क्विंटल गोबर लकड़ी पर्याप्त होती है। 6-7 रुपए किलो तक बिक जाती है। इसके अलावा जैविक खाद बना कर बेचना भी काफी लाभदायक हो सकता है। इसकी मांग भी बहुत है।


आईआईटी से पढ़े डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा ने गोबर से नैनो सेलुलोस बनाने की विधि इजाद की है। यह बहुत कीमती रसायन है। इसे कागज़ उद्योग, कपड़ा बनाने, दवाई उद्योग आदि में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी अंतरराष्ट्रीय मांग है। एक ग्राम की कीमत दो तीन हजार रुपए है। एक किलो गोबर में से 6 से आठ ग्राम तक नैनो सेलुलोस निकलता है। इसके बाद बचने वाला पदार्थ लिग्निन कहलाता है। यह भी 40-50 रुपए किलो तक बिक जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल के समय में बदलावों को लेकर समाजसेवी ने जिला प्रशासन से रखी मांग

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाजसेवी राकेश गुप्ता ने दिन गुरूवार को कालीबाड़ी स्थित अपने आवासीय कार्यलय से बढते गर्मी को देखते हुए बच्चों का स्कूल मोर्निंग करने को लेकर जिला प्रशासन से मांग रखी। इस संबंध में समाजसेवी राकेश गुप्ता ने जल्द बच्चों का स्कूल का टाइमिंग सुबह करने हेतु करबद्ध निवेदन भी किया। समाजसेवी राकेश गुप्ता ने कहा कि अत्याधिक गर्मी के कारण बच्चों का तबियत खराब हो रहा है। भीषण गर्मी का प्रकोप का असर बच्चों में अत्याधिक है। गर्मी के कारण बच्चों को लु लगाने का खतरा बढ़ गया है। सभी स्कूलों का टाइमिंग सुबह कर देने से बच्चों को अत्यधिक गर्मी की तपीश से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे जब क्लास रूम में होते हैं तो बाल सुलभ स्थितियों के कारण लगातार पानी नहीं पीते हैं। जिससे गर्मी में पानी की कमी हो सकती है। गर्मी में वातावरण में आर्द्रता कम होने से हवा में नमी बिल्कुल कम हो जाती है जो संवेदनशील त्वचा को छुलसा देती है। इससे त्वचा में दाने भी आने लगते हैं। वहीं डिहाइड्रेशन की भी समस्या हो सकती है। समाजसेवी राकेश गुप्ता ने जिला प्रशासन से सभी स्कूलों का समय मार्निंग करने की मांग को जल्द संज्ञान में लेने का आग्रह किया व भरोसा जताया कि जल्द इसपर जिला प्रशासन की सकारात्मक फैसला लेगी।

### अधिवक्ता सह व्यवसाई रंजन कुमार विश्वकर्मा का निधन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता सह सफल व्यवसाई रहें रंजन कुमार विश्वकर्मा उम्र करीब 60 साल अब हमारे बीच नहीं रहें। 90 के दशक में शहर के कांग्रेस ऑफिस रोड़ में इनका एमपी कॉन्प्लेक्स का निर्माण हुआ था जिसमें उन्होंने होटल ग्रीन पार्क खोला था। उस समय ये होटल शहर का सबसे लक्जरी होटल हुआ करता था। रंजन विश्वकर्मा पालतू कुत्तों के बहुत शौकीन थे। इन्हें अपने कुत्तों से बेहद प्यार था। घर पर ही इन्होंने अंतिम सांस लिया ।रंजन विश्वकर्मा के आकस्मिक निधन की सूचना से मर्माहत हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गहरा शोक जताया और ईश्वर से इनके पुनीत आत्मा को शांति और इनके शोकाकुल परिजनों को इस दुःख से उबरने के लिए अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की।

### सीयूआइटी में बढ़ी 26 हजार आवेदकों की संख्या

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कंबाइंड यूनिवर्सिटी इंटेरेंस टेस्ट (सीयूइटी) यूजी -2023 में शामिल होने के लिए कुल आवेदकों की संख्या 1,03,643 हो गई है, जबकि वर्ष 2022 में चांसलर पोर्टल पर यूजी में नामांकन के लिए कुल आवेदकों की संख्या मात्र 77,632 थी. इस तरह 26,011 आवेदक इस बार बढ़ गए हैं. आवेदकों की संख्या में आशातीत वृद्धि से विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में खुशी का माहौल है. यह जानकारी देते हुए सीयूइटी के नोडल पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार और यूसेट के डायरेक्टर डॉ एके साहा ने बताया कि (सीयूइटी) पीजी -2023 में शामिल होने के लिए विश्वविद्यालय ऑनबोर्ड हो चुका है. यूजी सेमेस्टर-वन के विद्यार्थियों के लिए मॉडल प्रश्नपत्र, उत्तरपुस्तिकाएं, यूनवर्सिटी वेबसाइट पर अपलोड किया गया था. इससे विद्यार्थियों को काफी सुविधा हुई. इन विद्यार्थियों की सेमेस्टर-वन की परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न करने के बाद सेमेस्टर-2 की कक्षाएं सुचारू रूप से चल रही हैं. उन्होंने बताया कि ग्रीष्मावकाश तक शैक्षणिक सत्र बिल्कुल नियमित हो जाएगा. यूजी सेमेस्टर-वन में इंट्रोडक्ट्री रेग्युलर कोर्स के रूप में उद्यमिता विकास पाठ्यक्रम को शामिल किया गया था ताकि विद्यार्थियों को स्व-रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने में मदद मिले. फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत के तहत उद्यमिता विकास पर एक-दिवसीय वर्कशॉप आयोजित कराया गया, जिसमें विषय-विशेषज्ञों से व्याख्यान दिलाया गया. इसमें सभी महाविद्यालयों से तीन शिक्षकों ने भाग लिया, जिन्होंने वर्कशॉप में प्राप्त ज्ञान को अपने विद्यार्थियों तक संप्रेषित किया. यूजी सेमेस्टर-2 में इंट्रोडक्ट्री रेग्युलर कोर्स के रूप में फ्रसाइबर डिफेंसफ्र पाठ्यक्रम को शामिल किया गया है ताकि तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध की रोकथाम की दिशा में सामूहिक जागरूकता पैदा की जा सके. पाठ्यक्रम को सुचारू एवं प्रभावी रूप से चलाने में साइबर विद्यापीठ फाउंडेशन से भी तकनीकी मदद मिलेगी. यह पाठ्यक्रम झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की परियोजना आरभ की मूल भावना के अनुरूप है. विनोबा भावे विश्वविद्यालय को देश प्रथम विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त हुआ है जिसने समग्र रूप से सभी विद्यार्थियों के लिए पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग सिलेबस को आधार मानते हुए फ्रसाइबर डिफेंसफ्र पर पाठ्यक्रम शुरू किया है. विद्यार्थियों की सहूलियत के लिए जल्द इस विषय की पाठ्य-सामग्री विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. नैक से बेहतर ग्रेड प्राप्त करने के लिए सभी विभागों के वर्ग-कक्षों को स्मार्ट बोर्ड लगाकर अपग्रेड किया जा रहा है.

### विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने छात्रों को दिए सफलता के टिप्स

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ के समाजशास्त्र एवं एमएसडब्लू विभाग के द्वारा स्वागत समारोह एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल,सहसहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ रश्मि, सहायक प्रोफेसर डॉ ए.के. मिश्रा उपस्थित हुए।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत सहायक प्रोफेसर संगीता कुमारी के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में विभाग का मिस फ्रेशर रीना कुमारी एवं मिस फेयरवेल बिलासो कुमारी और मिस्टर फ्रेशर संतोष कुमार एवं फेयरवेल सूरज कुमार को चुना गया।मौके पर कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने बच्चों को अपना आर्शीवचन देते हुए कहा कि सभी बच्चें शिक्षकों के साथ हमेशा ही अच्छा व्यवहार किया है और उनकी हर आज्ञा का पालन किया है।इतने वर्षों की मेहनत और कठिन परिश्रम के बाद आज सभी बच्चें मास्टर डिग्री प्राप्त करने जा रहे है और जीवन के एक नए पड़ाव पर अपने पैर रखने जा रहे है।जहाँ से आप अपनी भविष्य को नई उचाईयों पर ले जा सकते है। यहीं पर आपको बहुत से गलत रास्ते भी मिलेंगे।

# हजारीबाग में आजसू पार्टी ने निकाला न्याय मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आजसू पार्टी की जिला समिति, हज़ारीबाग के द्वारा गुरुवार को न्याय मार्च निकाला गया ।हज़ारों की संख्या में आजसू पार्टी कार्यकर्त्ता जिला स्कूल, पुराना समाहरणालय से पैदल जुलुस बनाकर नया समाहरणालय पहुँचे उसके बाद हज़ारीबाग उपायुक्त को सात सूत्री माँग पत्र सौंपा, जिसमे मुख्य रूप से झारखण्ड में स्थानीय निति और नियोजन निति लागू करने, झारखण्ड में जातीय जनगणना कराने और आबादी के अनुसार पिछड़ो को आरक्षण देने, खनिज सम्पदाओं की लूट पर रोक लगाने की मांग की गई।आजसू पार्टी द्वारा आयोजित न्याय मार्च की अध्यक्षता हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने किया तथा संचालन जिला प्रधान सचिव कपिलदेव महतो ने किया। न्याय मार्च में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित हुए।अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा कि हमारी माँगों को पूरा नहीं किया गया तो सड़क से लेकर सदन तक आन्दोलन होगा ।झारखण्ड में खनिज सम्पदाओं की लूट मची है बालू के अभाव में सारे विकास के कार्य ठप हो गए हैं आज तक झारखण्ड में विस्थापन निति नहीं बनी है इस निति विहीन हेमन्त सरकार को 2024 में उखाड़ फेकेंगे।विशिष्ट अतिथि माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि झारखण्ड में 1932 के आधार पर स्थानीय निति और नियोजन बनाने का वादा करके मुकर गई है यूपीए सरकार। झारखण्ड की जनता से झूठ बोलकर गुमराह कर रही सरकार को सबक सिखाएगी झारखण्डी जनता। सरकार के संरक्षण में बेधड़क कोयला चोरी की जा रही है ।आजसू पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

न्याय मार्च की अध्यक्षता करते हुए हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखण्ड में जातीय जनगणना हो और आबादी के आधार पर पिछड़ी जाति को आरक्षण देना होगा। जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी होनी चाहिए। झारखण्ड में स्थानीय निति और नियोजन निति नहीं बनने से सारे युवा वर्ग के लोग आज बेरोज़गार हैं उनकी नौकरी में जाने की उम्र सीमा समाप्त हो रही है सरकार को इसका भी ख्याल नहीं हैं।

## भाजपा नेता सूरज ने जीएम से पानी समस्या को लेकर की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा निवासी सह भाजपा के एससी मोर्चा जिला रामगढ़ मीडिया प्रभारी सूरज कुमार पासवान उर्फ सिक्की गुरुवार संध्या सीसीएल अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडेय के साथ मुलाकात कर पानी व अन्य समस्याओ पर अपनी बातें रखीं।उन्होंने कहां कि अरगड्डा बैगामोड़ से सिरका मुख्य सड़क जर्जर हैं, इसकी मरम्मत की आवश्यकता हैं। जबकि वार्ड 13 अरगड्डा चौक, चौराहे में स्ट्रीट लाइट, क्षेत्र में पानी की किल्लत लगातार बढ़ रही हैं। जिसे जल्द ठीक करने की मांग किया। मौके पर अरगड्डा एसओपी गिरीश चंद्रा, अधिकारी संतोष , समाजसेवी गणेश कुमार सिंह, रिक्की पटवा, मोहन राम आदि उपस्थित थे।

## अतुलनीय थी बाबा साहब की सामाजिक न्याय व्यवस्था की अवधारणा : डॉ. बीपी सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में गुरुवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन और दर्शन पर सेमिनार का आयोजन किया गया। राष्ट्र निर्माण में बाबा साहब की भूमिका के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राजनीति विज्ञान के अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉ बालेश्वर प्रसाद सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि भारतीय समाज के कार्य मार्क्स के रूप में बाबा साहब की चर्चा होती है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व में गजब का आकर्षण था जिसके प्रकाश में पूरा देश अभी तक प्रकाशित हो रहा है।



डॉक्टर साहब की सामाजिक न्याय की अवधारणा अतुलनीय थी जो सामाजिक समरसता का संदेश देता है। डॉ सिंह ने कहा कि बाबा साहब पाखंड के घोर विरोधी थे और जाति विहीन समाज के समर्थक थे। उनकी विचारधारा राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को अखंड और सशक्त करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कहा कि सामाजिक संतुलन बनाए रखने में बाबा साहब की विचारधारा हमेशा शास्वत रहेगी। पूर्व विभाग विभागाध्यक्ष डॉ अजीत कुमार पाठक ने कहा कि बाबा साहब दलितों के उद्धार के लिए कई आंदोलन चलाए जो देश के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।

## ग्रामीणों ने नीचे धौड़ा अरगड्डा में 15 दिनों से पानी नहीं देने पर डब्लूटीपी का किया घेराव, सौंपा चार सूत्री मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के नीचे धौड़ा और शिव मंदिर कॉलोनी के मजदूर कॉलोनी के दर्जनों महिलाओं, पुरुषों ने गुरुवार संध्या सिविल विभाग द्वारा सुचारू रूप से पानी सप्लाई नहीं करने को लेकर डब्ल्यूटीपी प्लांट का घेराव किया। इसके बाद ग्रामीणों ने महाप्रबंधक के नाम 4 सूत्री मांग पत्र सौंपा। अवसर पर ग्रामीण सोनी कुमारी ने बताया कि बीते 15 दिनों से नीचे धौड़ा और शिव मंदिर लाईन कॉलोनी क्षेत्र में सीसीएल डब्ल्यूटीपी के द्वारा बिल्कुल ही पानी सप्लाई बंद कर दी गई हैं। जिसके कारण इस भीषण गर्मी में पानी पीने तक की जरूरत नहीं पूरी हो पा रही हैं। लोगों ने जल्द पानी सुचारू रूप से आपूर्ति करने की मांग किया। चार सूत्री मांग पत्र में अवैध तरीके से कनेक्शन लेने, एक घर को



एक कनेक्शन देने आदि बातें रखी हैं। मौके पर कृष्णा पासवान, मोंटी, भारती देवी, सोनी कुमारी, रेणु देवी, माधुरी कुमारी, अंजनी कुमारी, ललिता देवी, राजकुमारी देवी, संतोषी देवी, माधुरी देवी, तुलसी देवी, प्रिया देवी, सपनी देवी, रोमी कुमारी, नागेश्वरी कुमारी, प्रिया देवी, रुको देवी, सीता देवी, सोमी बोदरा, प्रतिमा कुमारी, उषा देवी, डब्लूटीपी इंचार्ज राणा प्रताप, संतोष, जगदीश आदि उपस्थित थे।

## घाघरा जल प्रपात में बैसाखी मेला की तैयारी जोरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम ऑर्केस्ट्रा का आयोजन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखण्ड के पहरा अंतर्गत घाघरा जल प्रपात में प्रत्येक वर्ष के तरह इस साल भी बैसाखी मेला का आयोजन किया जा रहा है! पहरा के ग्रामीणों के द्वारा मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्टा का आयोजन भी किया जा रहा है ! साथ साथ हम यह भी बताते चले कि केरेडारी प्रखण्ड में पर्यटक स्थलों में से एक घाघरा जल प्रपात है जहाँ की खूबसुरत वादिया लोगो को मनमोह लेती है! चारो



ओर पहाड़ो से घिरा घाघरा जल प्रपात बीच मे बहता सीतल जल लोगो को अपने ओर आकर्षित करते रहता है!

**क्या कहते है आचार्य बनारस मिश्रा :** आचार्य बनारस मिश्रा के द्वारा यह जानकारी दिया गया कि 14 अप्रैल को मीन संक्रान्ति मनाई जाती है। जिसे लोगो के द्वारा कुछ क्षेत्रों में बैसाखी पर्व के नाम से तथा सतुआ संक्रान्ति भी कहते है। इसके साथ खरमास समाप्त हो जाएगा किंतु गुरु के अस्त चलने के कारण विवाह आदि शुभ कार्यो के लिए मुहूर्त शुरू नही हो पाएगा। इस पर्व में सत्तू ,गुड़ , आम खाना खिलाना एवं ऋतु फल के साथ सत्तू दान करना पुण्य फल कारक होगा। यह संक्रान्ति वर्ष भर की सबसे महत्वपूर्ण संक्रान्ति होती है ।

# आजसू ने रामगढ़ में निकाला सामाजिक न्याय मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला में जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में कोठार ओवर ब्रिज से उपायुक्त कार्यालय तक न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च में रामगढ़ ज़िले से सैकड़ों आजसू पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी , रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी व संचालन रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने किया।सभा उपरांत आजसू



पार्टी का प्रतिनिधि मंडल ने खतियान आधारित नियोजन नीति,सरना धर्म कोड लागू करना,जातीय जनगणना करवाना, आंदोलनकारियों को उचित सम्मान देना,पूर्व मे शामिल शामिल अनुसूचित जनजाति को पूनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करना, बेरोजगारों को रोजगार देना, संसाधनों की लूट बंद करना संबंधी सात सूत्री ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा।इस अवसर पर ज़िला सचिव लालचन्द महतो,अनुज तिवारी, दिनेश महतो,किशुन मुंडा, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो,तापेश्वर महतो,भोला तुरी,महेश करमाली, मनोज करमाली,राजेश मंडल,सतीश सिंहा,बिन्देश बेदिया, राहुल महतो,चंद्रमणि देवी,देवंती चौधरी, पिंकी देवी,सरिता सिंह, अनुपमा सिंह, कुलदीप साव, नित्यानंद महतो,महेश महतो,राजू महतो,चतर्भुज कश्यप, हरिबोल महतो,दिवाकर नायक,दशरथ चौधरी, दिलीप महतो,गंगाधर महतो,विश्वरंजन सिंहा, नित्यानंद कुमार,चन्दन कुमार,नरेश महतो,मदन महतो,भुनेश्वर महतो,नीतीश निराला, मनोज कुमार महतो, आदि आजसू पार्टी के सक्रिय पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

### सीसीएल कॉलोनी सिरका में ढ़ेड़ हजार क्वाटरों में 19 घंटे तक रही बिजली गुल, लोग गर्मी से हुए परेशान

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल मजदूर कॉलोनी अरगड्डा- सिरका में बीते दिन बुधवार को दोपहर 3 बजे से बिजली गुल हो गई। अरगड्डा में बिजली बीते रात्रि 10ः30 बजे कॉलोनियों में 6 घंटे 30 मिनट बाद दो हजार से ज्यादा क्वार्टरों में बहाल हुई। जबकि सिरका कोलयरी क्षेत्र के 1500 से भी अधिक क्वार्टरों में बिजली 19 घंटों के बाद दूसरे दिन गुरुवार दिन करीब 10 बजे बिजली सप्लाई शुरू हो पाई हैं। इससे कॉलोनी में रहने वाले बच्चे, बूढ़े , रोगियों को खासा परेशानियों का सामना उठाना पड़ा। पढ़ाई लिखाई करने वाले छात्र भी मोमबत्ती डिभरी, लैंप में पढ़ाई करने को मजबूर हुए। मच्छरों ने भी रात भर लोगों की नाक में दम कर रख दिया। बिजली कर्मी रात भर फोल्ट ढूंढते रहे। लेकिन बिजली सप्लाई बार-बार सिरका में ट्रिप कर जा रही थी। इस संबंध में बिजली मिस्त्रीयों ने बताया कि न्यू वर्कशॉप सिरका के पास बिजली सप्लाई में लगे 11 हजार के खंभे में पंछियों के द्वारा छोटा तार लटका दिया गया था। जो अन्य तारों के संपर्क में आ रहा था। जिससे बिजली जीएम ऑफिस सबस्टेशन से देने पर बार-बार कट जा रही थी। इधर कांलोनी वासी रंधीर कुमार व आनंद ने बताया कि पानी सप्लाई कांलोनी में हुई। खदान सिरका में बिजली आपूर्ति ठीक रही।

### पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने ली जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ की सदस्यता

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ जिला व्यवहार न्यायालय के जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में अध्यक्ष अधिवक्ता आनंद अग्रवाल समेत पदाधिकारी के समक्ष बतौर एक अधिवक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डॉ. यदुनाथ पांडेय ने विधिवत प्रक्रिया पूरी कर इनरालमेंट अर्थात पंजीकृत कार्य संपन्न हुआ । डॉ. यदुनाथ पांडेय गुरुवार को एक वकील के रूप में रामगढ़ जिला व्यवहार न्यायालय में जरूरतमंद लोगों को कानूनी सलाह हेतु वाद का प्रतिपादन करते हुए मुवक्किल के पक्ष पर बहस करने का अधिकार प्राप्त हो गया है । जीवन में सबका साथ और सबको न्याय दिलाने के प्रति कृतसंकल्पित हैं । जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष समेत सभी सम्मानित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं आभार व्यक्त करते हैं । अधिवक्ता संघ डा. यदुनाथ पांडेय जी को गर्मजोशी से स्वागत किया और बधाई देते हुए कहा कि आप की गरिमामयी उपस्थिति पंजीकृत से संघ मजबूत होगा । इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ संजय सिंह विजय जयसवाल जिला मंत्री वसूध तिवारी दिलीप सिंह रोबिन गुप्ता ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे

### चितरपुर महाविद्यालय के विकास में हर संभव सहयोग किया जाएगा : विधायक सुनीता

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**चितरपुर स्नातक महाविद्यालय प्रतिनिधिमंडल द्वारा गुरुवार को रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित आवास पहुंचकर स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी एवं जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी से एक औपचारिक मुलाकात की इस दौरान प्राचार्य द्वारा चितरपुर महाविद्यालय के शैक्षणिक स्थिति के बारे में रामगढ़ विधायक एवं जिप अध्यक्ष को बताया गया तथा छात्र-छात्राओं की पठन-पाठन हो रही परेशानियों के बारे में कई समस्याएं रखी एवं विकास के लिए एक मांग पत्र सौंपा गया इसके पूर्व रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी को एवं जिला परिषद सुधा चौधरी को प्रतिनिधि द्वारा बुके देकर मांग पत्र सौंपा गया जिसमे मुख्यतः विधायक मद से रेलवे ओवरब्रिज चितरपुर से लेकर कॉलेज के मुख्य द्वार तक पीसीसी पथ का निर्माण,कॉलेज परिसर में बेहतर पेयजल मुहैया कराने हेतु एक डीप बोरिंग का निर्माण, कॉलेज में छात्र-छात्राओं के हित को देखते हुए साइकिल व मोटर साइकिल शेड़ का निर्माण तथा 15 केवीए महाविद्यालय के लिए नए जनरेटर की मांग आदि पत्र सौंपा गया ।

## सदर विधायक पहुंचे बेलरगड्डा, ग्रामीणों ने किया जबरदस्त स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल अपने दैनिक दिनचर्या के कार्य और सेवा कार्यालय में जनसमस्याओं से रूबरू होने के अलावे लगातार जनता के बीच उनकी समस्या जानने और समस्याओं के निराकरण के प्रयास के लिए तत्पर रहते हैं। गुरुवार को अहले सुबह से देर दोपहर तक विधायक मनीष जायसवाल ने अपने सेवा कार्यालय में लोगों की समस्याओं से मुखातिब होने के बाद शाम को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के कंडसार पंचायत स्थित ग्राम बेलरगड्डा पहुंचे। यहां पहुंचते ही विधायक मनीष जायसवाल के लिए पहले से एकजुट संपूर्ण ग्राम वासियों ने गाजे-बाजे के साथ विधायक मनीष जायसवाल का फूल- माला पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया। ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक



मनीष जायसवाल ने यहां नवनिर्मित हनुमान मंदिर का निरीक्षण किया और नवनिर्मित मंदिर के जीर्णोद्धार में हर संभव सहयोग का भरोसा ग्रामीणों को दिया ।

मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जनसेवा के साथ क्षेत्र का विकास और अपने धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करना ही हमारे जीवन का मकसद है। मंदिर सनातन संस्कृति का आधार है और जब तक आस्था का प्रतीक मंदिरों का सुदृढ़ीकरण नहीं होगा तब तक हम अपनी संस्कृति का विकास नहीं कर सकते। मनुष्य जीवन में अध्यात्म, एकाग्रता और आत्मचिंतन का मंदिर से बड़ा मध्यम ओर कुछ भी नहीं हो सकता। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि मंदिर के नवनिर्माण और जीर्णोद्धार में यथाशक्ति अपना सहयोग अवश्य सुनिश्चित करता हूं और ईश्वर की कृपा रही तो आगे भी इस परंपरा को बरकरार रखूंगा।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता का इचाक में भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इचाक में झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता का स्वागत विशाल बाजार में कांग्रेस पार्टी के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता के नेतृत्व में किया गया। मंत्री श्री भोक्ता गुरुवार को अंबेडकर नगर चौक में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा का अनावरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। अंबेडकरनगर पहुंचने के पूर्व इंडियन बैंक के समीप डॉ मेहता के नेतृत्व में 300 कार्यकर्ताओं एवं झरखण्ड के पारंपरिक संथाली ढोल नगाड़ा मांदर महिला पुरुष का झूमर नृत्य के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। और विचार बाजार से लेकर अंबेडकरनगर तक पदयात्रा रोड शो किया गया। पदयात्रा एवं सम्मान समारोह में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा जो इचाक के लोगों ने मान सम्मान दिया है उसका मैं ऋणी हूं रिन से उत्तीर्ण होने का प्रयास करूंगा। प्रमंडलीय कांग्रेस अध्यक्ष डॉ आर सी मेहता ने कहा इचाक रामगढ़ राज्य की राजधानी थी इचाक का संपूर्ण देश में गौरव था उस गौरव को पुनः लाने का प्रयास करूंगा! स्वागत समारोह में इंटक के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साजिद अली खान प्रोफेसर भागवत राम कांग्रेसी नेता प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता मुखिया संघ के अध्यक्ष सतेंद्र मेहता मुखिया भोला कुमार मुखिया अशोक प्रधान पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता ईश्वर ग्रुप मंडल उपाध्यक्ष जागेश्वर यादव विश्व की अध्यक्ष मनोहर राम मंडल उपाध्यक्ष मौलाना मुख्तार मोहम्मद तहकीक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कामेश्वर प्रसाद मेहता मंडल अध्यक्ष बिहारी महतो मंडल उपाध्यक्ष सीताराम मेहता प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज मेहता सुनील मेहता लालमोहन रविदास अजय

स्वागत के मौके पर पार्टी बिस्सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, प्रो ब्रजकिशोर मेहता, यूथ कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष टिंकु प्रसाद मेहता, सुनील मेहता, प्रोफेसर राजेंद्र यादव बसंत मेहता मुखिया प्रतिनिधि रविशंकर कुमार, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, जलेश्वर यादव, मो मोख्तार, करणवीर सिंह, सीताराम मेहता, मो तहक़ीक़, कामेश्वर मेहता, सुरेंद्र मेहता, पूर्व जिप प्रतिनिधि मुकेश कुमार, टिंकु प्रसाद मेहता, संतोष राम, अनिल वर्मा, अशोक ठाकुर, अजय कुमार, मो अतुल्लाह, मो इरशाद, कामेश्वर मेहता प्रमिला मरांडी जितनी देवी आरती देवी सुकरी टू डू एनी टू डू चकरी हेमरोम सुधा मरांडी हेमनी देवी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

### पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने किया नवनियुक्त वीडियो से शिष्टाचार मुलाकात

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पतरातू प्रखंड के नवनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी हरी नाथ महतो से औपचारिक एवं शिष्टाचार भेंट किया तथा उनका स्वागत अंग वस्त्र देकर किया।मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,अमित शाह आदि थें ।

# सत्याग्रह कार्यक्रम सफल बनाने के लिए पतरातू कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक पतरातू पंचायत भवन में हुई।जिसकी अध्यक्षता सुजीत कुमार पटेल एवं संचालन प्रखंड प्रवक्ता कृष्णा सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से दिनांक 15 अप्रैल को रामगढ़ जिला में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित देशव्यापी जय भारत सत्याग्रह रैली वं आम सभा कार्यक्रम पर चर्चा की गई तथा बैठक में निर्णय लिया गया कि पतरातू प्रखंड के सभी पंचायतों से भारी से भारी संख्या में शामिल होकर रैली को सफल किया जाएगा। मौके पर



उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जिस तरह से पिछले दिनो स्वतंत्र एजेंसियों को प्रभावित कर अलोकतांत्रिक निर्णय लेते हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करवाई है। और जिस तरीके से ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग पूरे देश में विपक्षी पार्टियों के नेताओं के साथ बदले की भावना से की जा रही है। देश तानाशाह के हाथों में है। सभी एजेंसियां मात्र कठपुतली बनकर रह गई है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन का आयोजन कर रही है।15 अप्रैल को रामगढ़ में आयोजित होने वाली कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रभारी अविनाश, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस पार्टी से झारखंड के तमाम मंत्रीगण, विधायक अंबा प्रसाद, पूर्वविधायक ममता देवी,रामगढ़ प्रत्याशी बजरंग महतो सहित प्रदेश के सभी नेता गण शामिल होंगे।

## सविता डेंटल कॉलेज क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शीर्ष 13 में आने वाला पहला भारतीय संस्थान बना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ग्लोबल लेवल पर इंडियन हायर एजुकेशन सेक्टर की स्थिति को बूस्ट देने के लिए, भारत में लीडिंग डेंटल इंस्टीट्यूट, सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) ने 2023 के लिए जारी की गई क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग बाय सब्जेक्ट में टॉप-13 रैंक प्राप्त करके शानदार उपलब्धि हासिल की है। यह पहला और एकमात्र मौका है जब क्यूएस ग्लोबल रैंकिंग के इतिहास में भारत के किसी पब्लिक या प्राइवेट डेंटल इंस्टीट्यूट को डेंटिस्ट के विषय में टॉप 15 में स्थान दिया गया है।क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट क्वाकरेली साइमंड्स द्वारा यूनिवर्सिटी रैंकिंग का एक एनुअल पब्लिकेशन है जो इंडियूजवल सब्जेक्ट एरिया में दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज को रैंक देता है। सविता ने 2022 में इस ग्लोबल रैंकिंग में 18वीं रैंक प्राप्त की थी। ये रैंकिंग एच इंडेक्स, साइट स्कोर, एकेडमिक परसेप्शन और इम्प्लॉयर परसेप्शन जैसे मानकों पर यूनिवर्सिटी को ग्रेड करके निकाली जाती है।

# बरही प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर की जा रही है जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग):** प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहा पर कांग्रेसियों के द्वारा जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को विजैया पंचायत के गुड़ियों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दूल मनान वारसी की अध्यक्षता में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। संविधान द्वारा दिया गया बोलने का अधिकार भाजपा सरकार द्वारा समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। देश की सरकारी कंपनियों को निजी कंपनियों के हाथों मोदी सरकार बेचने का काम कर रही है। विधायक श्री



अकेला ने कहा कि जनता की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इन सवालों पर जब राहुल गांधी ने मोदी सरकार से सवाल पूछा तो राहुल गांधी की सदस्यता मोदी सरकार ने साजिश के तहत राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करवा दी। उन्होंने कहा कि आज देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस पूरे देश में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम कर रहा है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पूर्व सरपंच बैजनाथ यादव, जागेश्वर यादव, संजय कुमार, मेघलाल महतो, रामेश्वर पांडे, रमजान जी, बाबू लाल यादव, बैजनाथ यादव, प्रकाश यादव, रामचंद्र यादव, बहादुर पासवान, रामानंद यादव, सुनील पांडे आदि उपस्थित रहे।

## चरही मस्जिद में मुकम्मल हुई तरावीह,देश के अमन सुकून की गयी दुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत अंतर्गत चरही मस्जिद में 21 वीं सब को तरावी मुकम्मल की गई। मुस्लिम धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र महीना रमजान जारी है जिसमें मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पूरे एक महीने तक रोजे रखे जाते हैं इस दौरान कई तरह की इबादत मुस्लिम धर्मावलंबी करते हैं। उनमें से एक इबादत तरावीह की नमाज भी है। इस तरह से मुस्लिम धर्मावलंबी प्रत्येक दिन तरावीह की नमाज अदा करते हैं जिसमें पूरे कुरआन पाक को पढ़कर सुनाया जाता है। हम ऐसा भी कह सकते हैं कि यह एक विशेष प्रकार की नमाज होती है जिसे रमजान माह में अदा किया जाता है। वही तरावीह की नमाज चरही मस्जिद में बुधवार को मुकम्मल की गई। इस दौरान चरही की मस्जिद में भारी संख्या में ग्रामीण हमेशा की तरह तरावीह की नमाज़ अदा करने पहुंचे थे। तरावीह की नमाज़ के बाद लोगों ने ईमाम हाफीज इफ्तेखार जियाई को सभी लोग गला से गला मिलाये और हाथ मिला कर मोबारकबाद पेस किये। तरावी के बाद मिलाद शरीफ का प्रोग्राम कराया गया जिसमें हाफिज इफ्तेखार जियाई द्वारा माहे रमजान की फजीलत के बारे में बताया गया । लोगों को समझाएं किस माहे रमजान की फजीलत कितना है।

# स्पेशल स्मार्टफोन है रियल-मी नार्ज़ो एन 55

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रियल-मी ने 33 डब्लू चार्जिंग और 64 एमपी एआई कैमरा के साथ नेक्स्ट-जनरेशन चार्जिंग लीडर नार्ज़ो एन 55 का अनावरण किया। इसका मूल्य 10,999 रुपये से शुरू है।भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नोलॉजी ब्रांड, रियलमी ने नार्ज़ो एन सीरीज़ में अब तक की अपनी पहली बेहतरीन पेशकश का अनावरण किया। रियलमी नार्ज़ो एन 55 अमेज़ॉन स्पेशल स्मार्टफोन है। जिसमें इतनी कीमत में फ्लैगशिप स्तर के सेंसर के साथ 64 एमपी का कैमरा और 33 डब्लू चार्जिंग है। इसमें मिनी कैप्सूल भी है जो तीन आवश्यक विशेषताएं प्रदान करता है- चार्ज नोटिफिकेशन, डेटा यूसेज नोटिफिकेशन और स्टेप नोटिफिकेशन।नार्ज़ो इन-सीरीज़ में स्टाईल एवं यूटिलिटी के साथ अत्याधुनिक फीचर्स, आधुनिक प्रिज़्म एस्थेटिक्स के साथ स्टाईलिश डिज़ाईन और शक्तिशाली प्रदर्शन जैसी खूबियाँ हैं। 'एन' विस्तृत, अद्वितीय और असीमित संभावनाओं को प्रदर्शित करता है।

---

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता यात्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची**

**निविदा रद्द सूचना**

इस कार्यालय के अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 04/2022-23 (3rd Call) Group-B जो समाचार पत्रों में P.R. No. 291857 Drinking Water and Sanitation (22-23) D द्वारा प्रकाशित किया गया था, को नियम एवं शर्त की कंडिका 18 के आलोक में अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक
नागरिक प्रमंडल, राँची

PR 295083 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

---

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.**

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.- 292876 (Building) 22-23*D has been Group No.- 27 to 50 reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 17.04.2023 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 18.04.2023 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR.NO.295135 Building(23-24):D

---

**कार्यालय नगर परिषद,गढ़वा**
**E-mail- eo.gharhwa.np@gmail.com**

**आम सूचना**

एदद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद गढ़वा क्षेत्रान्तर्गत निजी रुप से संचालित करने वाले बोरिंग वाहन एवं सेप्टिक टैंक वाहन नगर परिषद, कार्यालय गढ़वा मे अपना पंजीकरण 25000.00 (पच्चीस हजार रुपये मात्र) जमा करते हुये सुनिश्चित करें एवं अपना पंजीकरण छः माह के उपरांत नवीनीकृत करें अन्यथा आपके विरुद्ध झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 के तहत कार्रवाई की जायेगी साथ ही आपके वाहनो को जब्त भी कर लिया जायेगा।

आम नागरिक बोरिंग कराने हेतु 1000/–शुल्क कार्यालय मे जमा करे साथ ही पंजीकृत वाहन से ही बोरिंग करवाना सुनिश्चित करें। सेप्टिक टैंक साफ करवाने हेतु प्रति ट्रिप 3500/–शुल्क जमा करते हुये अपना कार्य निष्पादन करवायें।

ह0/–
कार्यापालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा

PR 295092 Urban Development(23-24).D

---

**जिला स्तरीय कार्यालय**
**झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़**
**राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर**
**गोला रोड़, रामगढ़ कैंट**

ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com
फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ के अंतर्गत जिले में संचालित चार कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में रिक्त 10 पूर्णकालिक शिक्षिका के चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन जिसका PR No.- 282562, दिनांक–17.11.2022 तथा संशोधित विज्ञापन जिसका PR No.- 287098, दिनांक–09.01.2023 के आलोक में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के पश्चात औपबंधिक मेधा सूची एवं सम्पूर्ण विवरणी रामगढ़ जिले के आधिकारिक वेबसाइट ramgarh.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। जिन अभ्यर्थियों को औपबंधिक सूची के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति हो, वे दिनांक–18.04.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक अपना दावा/आपत्ति झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, रामगढ़ में हाथोहाथ/डाक (डाक का पता–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़ रामगढ़, पिन–829122)/ E-mail – ssa_ramgarh@rediffmail.com के द्वारा दर्ज करा सकते हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान रामगढ़

PR 295113 District (23-24)_D

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RE-RDD/SD/HZB/25/2022-23 पी0आर0 संख्या 294768 Rural Development (23-24):D में निम्न संशोधन किया जाता है:–

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 15.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे

3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 15.04.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 24.04.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।

4.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।

5.निविदा खोलने का स्थान एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, हजारीबाग, 26.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 295158 (Building)23-24*D

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं0 – RDD/SD/KODERMA/16/2022-23 आमंत्रित किया गया है। जिसका पी0 आर0 सं0 – 293849 है। जिन क्रमांकों को संशोधन किया जा रहा है वो निम्न प्रकार है :–

2) वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 10.04.2023 के स्थान पर 15.04.2023 पढा जाय।

3) ई –निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 के स्थान पर दिनांक 17.04.2023 से 25.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।

4) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 23.04.2023 के स्थान पर 28.04.2023 पढा जाय।

7) निविदा खोलने का स्थान – e-procurment cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धूर्वा, राँची के स्थान पर कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा पढा जाय।

8) निविदा खोलने का तिथि एवं समय – दिनांक 25.04.2023 के स्थान पर 29.04.2023 पढा जाय।

निविदा की सभी शर्त्ते पूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा।

PR 295131 (Rural Work Department) 23-24 (D)

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**पत्रांक 578/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,चतरा, दिनांक–12.04.2023**

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/CHATRA/20/2022-23 के ग्रुप संख्या–01, ग्रुप संख्या–02 एवं ग्रुप संख्या–03 में वर्णित सभी निर्माण कार्य जिसका PR No. 294313 द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में निविदा प्रकाशन की तिथि 10.04.2023 के स्थान पर 17.04.2023, क्रमांक 03 में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 10.04.2023 से 20.04.2023 के स्थान पर दिनांक–17.04.2023 से दिनांक–24.04.2023, कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि 24.04.2023 के स्थान पर 27.04.2023, कंडिका क्रमांक 05 में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान (i) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (ii) अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश अंचल, हजारीबाग, (iii) e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, रॉची के स्थान पर (i) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग, (iii) मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, रॉची तथा कंडिका क्रमांक 07 में निविदा खोलने का स्थान e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, रॉची के स्थान पर e-Procurement Cell, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा एवं कंडिका क्रमांक 08 में निविदा खोलने की तिथि 25.04.2023 के स्थान पर दिनांक–28.04.2023 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.295043 Rural Development(23-24):D

---

**Govt. of Jharkhand, OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**04**/23-24 Dated **12.04.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of road on existing/ Green Field alignment of 2-Lane/2-Lane with Paved Shoulder/4-Lane configuration from 1. DAV Pundag to DAV Hehal, 2. Ashirvad Banquet to Firing Range (Bariatu) 3. Jhirga Toli to Chiroundi (Near Ashirvad Banquet) including replacement of culverts and bridges, construction of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, at Ranchi in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 3.65 Km, 2.52 Km, 2.86Km |
| 3 | Work completion time | 30 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 17.04.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 25.04.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 26.04.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division, A.P**
**Road Construction Department, Ranchi**

PR 295065 Road (23-24)_D

---

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता यात्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची**

**निविदा रद्द सूचना**

इस कार्यालय के अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 07/2022-23 जो समाचार पत्रों में P.R. No. 292117 Drinking Water and Sanitation (22-23) D द्वारा प्रकाशित किया गया था, को नियम एवं शर्त की कंडिका 18 के आलोक में अपरिहार्य कारणों से एतद् द्वारा रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल,
राँची

PR295075 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

---

**कार्यपालक अभियंता(यॉत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, राँची**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 133 दिनांक 31/03/2023, पी0आर0 संख्या 294285 Water resources(23-24)#D द्वारा आमंत्रित ई.निविदा आमंत्रण सूचना संख्या डब्लू0 आर0 डी0/ आई0 एम0 डी0 राँची/11/2022–23 को निम्नलिखित आंशिक संशोधन किया जाता है।

1. बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 19.04.2023(05:00 बजे अपराह्न तक) के स्थान पर दिनांक 25.04.2023(05:00 बजे अपराह्न तक) पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय 21.04.2023(03:00 बजे अपराह्न) के स्थान पर दिनांक 27.04.2023(03:00 बजे अपराह्न) पढ़ा जाय।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 20.04.2023(05:00 बजे अपराह्न तक) के स्थान पर दिनांक 26.04.2023(03:00 बजे अपराह्न तक) पढ़ा जाय।
4. ई.निविदा के Terms and conditions of Tender की कंडिका 1. Experience Criteria - The bidders should have experience of having successfully executed similar nature of works during last three years ending on **31th March 2022** के स्थान पर The bidders should have experience of having successfully executed similar nature of works during last three years ending on **31th March 2023** पढ़ा जाय।

कृपया इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय। शेष सूचनाएँ यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉत्रिक प्रमण्डल, राँची

PR 295141 (Water Resource)23-24*D

---

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।**

**"अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"**

**संख्या –01/2023–24**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 26.04.2023 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 27.04.2023 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 27.04.2023 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,भवन अंचल संख्या–02, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला। 3. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Renovation of DFO Residence Building in Fishery Colony Gumla | 1149450.00 | 23000.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 2. | Renovation of EFO Residence Building Gumla | 865900.00 | 17500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 3. | Renovation of Hatchery Building in Fishery Colony Gumla | 751900.00 | 15500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 4. | Renovation of District Fishery Office Building Gumla | 615000.00 | 12500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 5. | Renovation & Concertina Fencing work of Boundary wall of District Fishery office/Ponds Campus Gumla | 1819500.00 | 36500.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 6. | Construction of 4 Additional Class Room (2ACR on GF+2ACR on FF) of size (6.60mx5.40m) with 2.40m wide Verandah & Stair case at Awasiya Vidhyalaya, Jobhipat Block-Bishunpur, Gumla district. | 3405300.00 | 68500.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 7. | Construction of 4 Additional Class Room (2ACR on GF+2ACR on FF) of size (6.60mx5.40m) with 2.40m wide Verandah & Stair case at Awasiya Vidhyalaya, Nawadiha Block-Ghaghra, Gumla district. | 3405300.00 | 68500.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 8. | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय कन्दापाट में छात्रावास भवन चहारदिवारी का जीर्णोद्वार इत्यादि कार्य। | 1996100.00 | 40000.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 9. | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय जोभीपाट में 50 शैय्या बालक छात्रावास का मरम्मति इत्यादि कार्य। | 1572346.00 | 31500.00 | 5000.0 | 3 Month |

नोट :- 1. Tender fee 2% अग्रधन की राशि PAN, GST Certificate, Up to Date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात् ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।

2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखंड राँची के संचिका सं0–प0नि0वि0/विविध–06–33/2007 (अंश–1)2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप Performance Security उपलब्ध करायें।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल,गुमला।

PR 295111 Building(23-24)D

# जलडेगा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा थाना मुख्यालय पतिअम्बा ग्राम सराई टोली के भीड़ भाड़ वाले इलाके में स्थापित बिजली ट्रांसफार्मर में हाईटेंशन तार को छुकर स्थानीय नितेश सुरीन पिता किशोर सुरीन नामक 19 वर्षीय एक युवक ने आत्म हत्या किया। घटना के दौरान घर पर कोई नहीं थे सभी अपने अपने दिनचर्या में ब्यस्त थे। घटना की जानकारी फैलते ही लोगों की भीड़ जम गई। ग्रामीणों ने बताया युवक का मानसिक स्थिति खराब थी। रास्ते से गुजरते थाना प्रभारी हिरालाल महतो ने लोगों की भीड़ देखकर स्वयं घटना स्थल पर पहुंचे और पुरी जानकारी लेते हुए शव को कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा गया। ग्रामीणों ने कहा सराई टोली ग्रामीण जीवन को ताक में रखकर बिजली



उपभोग कर रहे हैं। बिजली सप्लाई की पुरी ब्यवस्था जमीन पर स्थापित कर गांव में संचालित किया जाता है। ट्रांसफार्मर और हाईटेंशन लाइन के निचे खेल मैदान होने के कारण लोगों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। ग्रामीणों ने विद्युतीकरण के अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर स्थापित करने की मांग किया है। ओडगा ओपी थाना क्षेत्र ग्राम टोनिया स्टेशन टोली में मंगलवार की रात इलिसबा तोपनो नामक 50वर्षीय महिला बइर पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या की। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुबराज कन्डूलन एवं इलिसबा तोपनो दो साल बाद रविवार को गांव वापस हुए थे सोमवार साथ बिताए मंगलवार की रात घटना हुई बुधवार दोपहर ओडगा ओपी प्रभारी मनीष कुमार सदल बल मौके पर पंचनामा कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा गया थाना प्रभारी मनीष कुमार ने घटना को आत्महत्या बताया है। बुधवार देर साम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक अपने पिछले सात बच्चे छोड़ गई है।

# जलडेगा लैम्पस सह लमडेगा लैम्पस की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड स्थित जलड़ेगा लैम्पस सह लमडेगा लैम्पस का बैठक लैम्पस प्रभारी श्री जगदीश बड़ाईक के अध्यक्षता में किया गया। मौके पर जिला से सहायक निबंधक सहयोग समितियां सिमडेगा, श्री कर्मवीर मेहता जलडेगा BCO बिनोद जी, कोपरेटिव शाखा प्रबंधक जलडेगा अनमोल जी विशेष रूप से मौजूद थे।श्री कर्मवीर मेहता ने कहा कि,सभी लैम्पस किसानों का सदस्या अभिसभी सदस्य बनाएं,कोई नहीं छूटे लैम्पस से मिलने वाला लाभ हर किसान को मिले,तथा बैठक में धान उठाव पर चर्चा किया गया, धान उठाव जल्द नहीं होने के कारण धान सुखते जा रहा है,एसे में लैम्पस को घटा लग सकती इसका जिमेदार कौन होगा? दुसरी खास बात येहै कि, धान बेजे किसानों को पहला किस्त मिला है पर,दुसरी का इंतिजार बहुत लम्बी करनी पड़ रही है, किसान, और लैम्पस अध्यक्ष परेशान हैं। इस मौके पर कुटुंगिया लैम्पस सचिव रावि प्रधान, अध्यक्ष जोनसन कान्डूना, टिनगिना लैम्पस अध्यक्ष प्रेम चन्द, बिंझिया, पतिआम्बा लैम्पस अध्यक्ष, कार्तीक साहु, टाटी अध्यक्ष सुनिल सुरीन, प्रदीप मांझी मेघनाथ ओहदार एवं जलडेगा लैम्पस प्रभारी सह लमडेगा लैम्पस अध्यक्ष जगदीश बड़ाईक, उपस्थित थे।

# भाजपा नगर मंडल ने हेमंत सोरेन का शव यात्रा निकाल किया अंतिम संस्कार



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भ्रष्ट नीतियों, भरस्टाचार में अप्रत्याशित वृद्धि, स्पस्ट नियोजन नीति का अभाव इत्यादि कारणों को लेकर 11 अप्रैल को भाजपा के द्वारा सचिवालय घेराव के दौरान जे एम एम, कांग्रेस सरकार ने दमनकारी नीति अपनाते हुए बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज किया। यही नहीं आंसू गैस के गोले दागे गए,हवाई फायर किया गया। जबकि शान्ति पुर्ण प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी दमनकारी नीति के खिलाफ भाजपा नगर मण्डल लोहरदगा के द्वारा हेमंत सोरेन का शव यात्रा निकाला गया जो अटल भवन से चलकर महावीर चौक होते हुए बरवा टोली चौक पहुंचकर शव का अंतिम संस्कार किया गया।इस क्रिया कर्म को सम्बोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि भ्रष्ट सरकार गुंडागर्दी, लूट अपराध आदि नियंत्रण नहीं किया तो अब उग्र से उग्रतर प्रदर्शन किया जायेगा। अनैतिक कार्यों को नियंत्रित करना ही होगा। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि कांग्रेस के खम्भों में खड़ी ये हेमंत सरकार अब अंतिम सांस ले रही है। अब भाजपा के कर्तकर्ताओं ने मन बना लिया है कि इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है। शव यात्रा में मुख्य रूप से ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति,राजकिशोर महतो, राजेश महतो, अनिल उरांव, उमेश कांसकार, संजय महतो, शम्भु साहू, दिलीप ठाकुर, राजकुमार वर्मा, संजय वर्मन, विकास कांस्कार, सरोज प्रजापति, अनिल पांडे, मिथुन तमेडा, अशोक कांस्कार, दीपक साहू, अशोक कुमार, महेश मालाकार, अनूप वर्मा, ज्ञानेश गुप्ता, आदि शामिल थे।

# बीडीओ ने सुंदरीकरण करने को लेकर धरधरिया जलप्रपात का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** उपायुक्त के निर्देश पर भ्रमण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने क्षेत्र के धरधारिया जलप्रपात सुंदरीकरण कार्य का लिया जायजा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित धरधरिया जलप्रपात स्थल का भ्रमण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जायजा लिया। जानकारी के अनुसार बता दें कि धरधरिया जलप्रपात सुंदरीकरण कार्य पूर्व से विशेष प्रमंडल के माध्यम से संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। उसके बाबजूद धरधरिया जलप्रपात स्थल में और भी बेहतर सुंदरीकरण को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर स्थल का जांच किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में धरधरिया जलप्रपात चर्चित स्थल है। जहां लोग दर्शन के



लिए लोग दूर दूर से आते जाते रहते है। जिसे देखते हुए सुंदरीकरण पर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट हुआ है। और सैलानियों का घूमने का सुविधा एवं यातायात पर भी ध्यान दिया जाएगा। बताते हुए बीडीओ ने कहा की धरधरिया जलप्रपात जाने वाला पथ काफी जर्जर हो चुका है। जिसका निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन समर्पित किया जाना है। जिससे धरधरिया जलप्रपात की सुंदरता में निखार आए। और सैलानियों को यातायात में कठिनाईयों का सामना करना ना पड़े। साथ ही उन्होंने कहा सैलानियों के आगवन से स्थानीय ग्रामीणों का विकास का संसाधन मिलेगा। मौके पर साथ में जेई संजीत कुमार, पंचायत सचिव भैया भगत मौजुद थे।

# स्टेयर्स नेशनल कराटे चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे लोहरदगा के 23 खिलाड़ी

➲लोहरदगा के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह को बनाया गया स्टेयर्स फाउंडेशन का झारखण्ड स्टेट कराटे हेड



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा :** भारतीय युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय के तहत स्टेयर्स फाउंडेशन द्वारा आगामी 14 से 16 अप्रैल तक आयोजित स्टेयर्स नेशनल कराटेचैंपियनशिप में लोहरदग़ा के 23 खिलाड़ी झारखंड के प्रतिनिधित्व करेंगे। पहली बार नई दिल्ली के इंद्रा गाँधी (आईजी) इंडोर स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 2023 में झारखंड के अलग-अलग जिलों से कुल 68 क्राटेकारो का चयन हुआ है जिसमे 23 सिर्फ लोहरदगा जिले से हैं। जिसमे बालिका वर्ग में अंडर 13 में प्राची कुमारी, आसी अदिति करकेटा, सोनिका कुमारी, रोली कुमारी, और नैना कुमारी, अंडर 16 में पल्लवी कुमारी, अमीसा कुमारी, मरियम प्रवीण, तृषा उराव, चन्द्रमुनी कुमारी अलीशा टोप्पो, स्वीटी मुण्डा और सरस्वती कुमारी.. अंडर 18 में गीतांजलि उराव और सरस्वती कुमारी तथा सीनियर 18+ में अंजलि कुमारी का चयन हुआ है वंही बालक वर्ग में अंडर 12 में अभिषेक उराव अंडर 14 में अंशु उराव, मिहिर त्रिपाठी, नितेश उराव, अंडर 17 में प्रिंस प्रकाश, जीवन कुजूर और सीनियर 18+ में नितेश कुमार सिंह शामिल हैं। जिला कराटे संघ लोहरदगा के अध्यक्ष सेंसई अमित सिंह ने बताया कि पहली बार होने वाली निशुल्क प्रतियोगिता में राज्यस्तर पर स्वर्ण तथा रजत पदक विजेता ही खेल पाएंगे। सभी खिलाड़ी 13 अप्रेल को लोहरदगा से रवाना होंगे। सीओ प्रवीण कुमार सिंह,बीडीओ मनोरंजन कुमार, संघ के सचिव लाल प्रकाश नाथ सहदेव, उपसचिव सूरज प्रकाश, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष चंद्रगुप्त महली तथा लोहरदगा जिला के गणमान्य नागरिकों ने इस प्रतियोगिता की सफलता के लिए कोच अमित कुमार सिंह और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी हैं।

# चेकडैम निर्माण कार्य के दौरान पोकलेन मशीन दलदल में फंसा, कोई हताहत नही



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कंडरा कोयल नदी में चेकडैम निर्माण कार्य के दौरान पोकलेन मशीन दलदल में फंसा परन्तु कोई हताहत नही हुआ दलदल से मशीन निकालने का प्रयास जारी है। सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित कंडरा कोयल नदी में करोड़ो की लागत से चेकडैम निर्माण कार्य पीएचडी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बता दें कि नलजल योजना के तहत बुटी पंचायत सहित अन्य पंचायत में जलमीनार भी निर्माण कराया गया है। जहाँ पानी की सप्लाई कंडरा कोयल नदी से किया जाएगा। जिसको लेकर चेकडैम निर्माण कार्य प्रगति पर है। परंतु निर्माण के दौरान ट्रेंच कटिंग के क्रम में पोप्लेन मशीन दलदल में फंस गया। जिसे कोई खतरा नही हुआ। बताया जाता है कि ट्रेंच कटिंग कर मशीन निकाल ने के दौरान मिट्टी गिरने से दलदल हो गया था। और मशीन का चैन उतरने से दलदल में फस गया। मशीन के दलदल में जाते ही ऑपरेटर अपनी सूझबूझ का परिचय दे लगतार मशीन को निकालने का प्रयास करता रहा। परन्तु ऐसे समय में सोचने समझने की क्षमता विफल हो जाता है। उसके बाबजूद जेसीबी मशीन गए दलदल से गाड़ी निकालने को लेकर प्रयास जारी है। परंतु गाड़ी को निकालने में सफलता नही मिला। वहीं ऑपरेटर एवं संवेदक के द्वारा गाड़ी निकलने का वैकल्पिक व्यवस्था किया जा रहा है।

# हर्ष जोहार कार्यक्रम के तहत जिले के 3 स्कूल ऑफ एक्सल में हर्ष जोहार करिकुलम की पुस्तक का हुआ वितरण



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर्ष जोहार कार्यक्रम के तहत सिमडेगा जिले के 3 स्कूल ऑफ एक्सल में हर्ष जोहार करिकुलम का पुस्तक वितरण डीईओ की ओर से किया गया । जिला परियोजना कार्यालय में आज हर्ष जोहार कार्यक्रम के तहत जिले के 3 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में डीईओ हर्ष जोहार पुस्तक का वितरण और खुलासा किया गया है, जिससे जिले के 3 स्कूल के शिक्षकों की नीतियां एक ही जिले में लगभग 3500 से अधिक बच्चे सामाजिक हैं इसी तरह विकास पर होंगे। हर्ष जोहर एक महत्वपूर्ण कारिक्रम है जिसके तहत स्कूल ऑफ एक्सेल में बच्चों के 5 कौसल पे काम होते हैं। 1 स्वयं का मामला, 2 जिम्मेदार व्यवहार बनाना, 3 बंधन बंधन, 4 सामाजिक जागरूकता, 5 स्वयं जागरूकता 3 स्कूल ऑफ एक्सेल (केजीबीवी सिमडेगा, एसएस+2 गर्ल्स हाई स्कूल सिमडेगा, एसएस+2 बॉयज हाई स्कूल सिमडेगा) पुष्टिकरण की शुरुआत एक चेक इन स्थिति के द्वारा की गई जिसमें सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने बताया कि वो कितना सक्रिय महसूस कर रहे हैं। देव मोहन जी झा ने कहा कि हर्ष जोहार एक बेहतरीन कार्यक्रम है। इससे बच्चों का संपूर्ण विकास होगा और बच्चे खुद को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। साथ ही डीईओ ने सभी शिक्षकों को मिलने पर बधाई दी है। प्रोग्राम बुक डिस्ट्रीब्यूशन के साथ हर्ष जोहार प्रोग्राम आने वाले समय में कैसे ले जाया जाता है इस पर भी बातचीत की गई और प्रार्थना सभा में संचालन करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीईओ अनीता मोहन जी झा, एडीपीओ अलका लकड़ा, स्कूल ऑफ एक्सिलेंस के प्रधानाध्यापक किशोरी केरकेट्टा, ईव, अबराम केरकेट्टा, माधुरी रानी, सुधा कुमारी, अनंत कुमार, अनीता कुमारी, संजीव कुमार, सत्यजीत कुमार, संपूर्णा के जिला प्रतिनिधि दिव्याणी, चंद्रसिंह पाडवी शर्मिष्ठा और रजनी मौजूद थे।

# डा. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर समिति सदस्यों ने अधिकारियों को चित्र किया भेंट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 14 अप्रैल को कैरो हरिजन मुहल्ला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र के पास संविधान निर्माता बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर की भव्य तरीके से मनायी जायेगी जयंती समारोह,वही इस अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा का नीव भी कैरो अंचलाधिकारी श्री कमलेश उराँव के कर-कमलो द्वारा रखी जायेगी।उक्त आशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप रविदास,उपाध्यक्ष विनोद रविदास, सचिव मून्ना राम, राजेश रविदास, रमेश राम संरक्षक बानेश्वर राम इत्यादि समिति सदस्यों ने बताया कि आयोजन समिति की और से आज 13 अप्रैल गुरुवार को प्रधानाचार्य +2उच्च विद्यालय गणेश शास्त्री, मध्यविद्यालय कैरो अमरेन्द्र कुमार कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक ऋ षिकान्त कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उराँव को सम्मानपुर्वक बाबा साहेब की तस्वीर भेंट की गई। वही आयोजन समिति सदस्यो ने कहा कि द गजट आफ इण्डिया मे भारत सरकार के द्वारा बाबा साहेब की जयंती समारोह के अवसर पर 01 दिन का सरकारी अवकाश घोषित किये जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को समिति सदस्यो ने आभार भी व्यक्त किया है।

# भाजपा ग्रामीण मंडल ने राज्य सरकार की तानाशाही के विरुध हेमंत का फूंका पुतला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शांति पूर्ण प्रदर्शन कर रहे निहत्थे कार्यकर्ताओं पर हेमंत सोरेन सरकार के पुलीस द्वारा लाठीचार्ज किया गया। इसके विरोध में मंडल अध्यक्ष सूरज दसौंधी के नेतृत्व में सदर प्रखंड के मन्हों चौक में हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सूरज दसौंधी, महामंत्री विवेक चौहान, लाल ललित नाथ शाहदेव, लाल गौतम नाथ शाहदेव, रोहित राम, अमरेश राम अमित उरांव, संजय भगत, सुकेश,जमीर अंसारी, अल्लाह बख्श अंसारी, बिलटन उरांव, विराज, सीता राम, मुकेश महतो, सुबोध राम, सीता देवी, हीरा देवी, रितेश महतो, संजय भगत, बुद्धेश्वर राम, अनवर यादव, एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान महामंत्री विवेक चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृव मे झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्रम से घबरा कर राज्य की लूट के आकंठ मे डूबी, भ्रष्ट्राचारी और तानाशाही गठबंधन सरकार ने सुबह से कार्यकर्ताओं को रास्ते मे पड़ने वाले हर थाने पर वाहन चेकिंग के नाम पर परेशान किया। उनकी मंशा स्पष्ट थी की लोग रांची समय से ना पहुंच पाए।

# 1339 छात्र-छत्राओ ने दिया आठवीं बोर्ड की परीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मध्य विद्यालय में अध्ययनरत आठवी कक्षा के छात्र छात्राओं ने दिया आठवीं बोर्ड का परीक्षा। झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड का वार्षिक परीक्षा में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मध्य विद्यालय में अध्ययनरत 1361 छात्र छात्राओं में से प्रखंड क्षेत्र के तीन परीक्षा केन्द्र में 1339 छात्र छत्राओ ने परीक्षा दिया। वही 22 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 531 छात्र छात्राओं में 9 छात्र अनुपस्थित थे। नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 534 छात्र छात्रओं 12 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। और बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा में 296 विद्यार्थी में 1 छात्र अनुपस्थित रहा। वही केन्द्राधिक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा, अभिषेक गौरव और रेणु मिश्रा ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त रहा। मौके पर सभी शिक्ष शिक्षिकाएँ मौजूद थे।

# भाजपा ने किया झारखण्ड सरकार का पुतला दहन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भाजपा द्वारा आहूत कल के सचिवालय घेराव रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज एवं हवाई फायरिंग करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने पूरे झारखंड में काला दिवस मनाते हुए झारखंड सरकार का पुतला फूंका इसी क्रम में सिमडेगा जिला के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया। सिमडेगा नगर में पुतला फूंकते हुए जिला महामंत्री दिपक पूरी ने कहा कि झारखंड सरकार को पता है कि ज्यादा दिन अब यह सरकार नहीं रहने वाली झारखंड की जनता के सामने सरकार एक्सपोज हो चुकी है इसीलिए जनता की आवाज को कल लाठी और गोली के माध्यम से सरकार ने दबाने का प्रयास किया पर भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश लाठी गोली चलने से कम नहीं बल्कि और अधिक हुआ है और जब तक सरकार नहीं गिरेगी भाजपा के कार्यकर्ता शांत नहीं बैठेंगे। वहीं भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने पुतला दहन करते हुए कहा कि निकम्मी सरकार लाठी और गोली के बल पर जनता की आवाज को दबाना चाहती है सरकार जानती है की अब तक एक भी वायदा इस सरकार ने पूरा नहीं किया है और अपनी विफलता को छुपाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनता पर लाठीचार्ज कर झारखंड की आवाज को दबाने का प्रयास किया है पर सरकार की यह प्रयास विफल होगा झारखंड की जनता मन बना चुकी है कि सरकार को गिरा कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर राज सभा सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष सत्य नारायण प्रसाद ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश साहू सुजान मुंडा अनूप प्रसाद जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण ठाकुर अंकित कुमार रामबिलाश बड़ाईक संजय शर्मा सतीश पांडे अशोक रजक श्री लाल साहू उत्तम केरकेट्टा जोगेंद्र राम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सावित्री देवी नंदनी दास पिंकी प्रसाद हंसा रानी जयंती देवी आदि उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष ओम भारती के नेतृत्व में निकाला गया न्याय मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड की जन् भावना और बड़ी आबादी के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आजसू पार्टी के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत लोहरदगा आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष ओम भारती के नेतृत्व में न्याय मार्च निकाली गई। इस न्याय मार्च में बतौर मुख्य अतिथि आजसू महिला मोर्चा की केंद्रीय उपाध्यक्ष सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित थे। न्याय मार्च की शुरुआत आजसु पार्टी लोहरदगा के प्रधान कार्यालय लोहरदगा से निकलकर जिला मुख्यालय में आकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। न्याय मार्च में आजसू पार्टी के जिला के सभी



पदाधिकारी केंद्र के पदाधिकारी महिला मोर्चा के पदाधिकारी सभी प्रखंडों के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में आजसू कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस यात्रा के जरिए पार्टी राज्य सरकार को सचेत भी करती है कि उलझन पैदा करने की वजह क्षेत्र में शीघ्र निर्णायक कदम उठाए। आजसू पार्टी राज्य में अविलंब खतियान आधारित नियोजन नीति बनाकर सरकारी पदों को भरने की मांग पर जोर देती है रोजगार सृजन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाए जिससे बेरोजगारों में व्याप्त निराशा और हताशा दूर हो सके। सरकार का रवैया बेहद निराशाजनक रहा है। झारखंड में जिलों के आरक्षण तय करने के लिए जातीय जनगणना का होना जरूरी है। यह जातीय जनगणना बहुप्रतीक्षित मांग है। सरकार इसे अविलंब पूरा करें। सामाजिक यात्रा के माध्यम से आजसू पार्टी सरकार को सरना कोड लागू करने की मांग एक बार फिर करती है। झारखंड खनिज संपदा से भरा हुआ एक राज्य है झारखंड राज्य से पूरे देश का संसाधनों की पूर्ति किया जाता है लेकिन आज इन्हीं खनिज संपदाओं का झारखंड में दोहन करके इसका लूट मचा हुआ है। आजसू पार्टी खनिज संपदाओं को लूटने का जो काम किया जा रहा है इसे अविलंब बंद करने का मांग करती है। इस राज्य के गठन में आंदोलनकारियों की भूमिका भी सराहनीय रही है लेकिन आज झारखंड में आंदोलनकारियों का मान सम्मान सुविधाएं प्राप्त परिश्रम और फीडम फाइटर का दर्जा देने का आवाज हमेशा से पार्टी उठाती रही है। इस मार्च के माध्यम से आजसू पार्टी सरकार से पुनः मांग करती है की जन भावनाओं के अनुरूप उपरोक्त मांगों पर समुचित अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस न्याय मार्च में आजसू पार्टी के केंद्रीय महिला उपाध्यक्ष लोहरदगा जिला विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ साहदेव, सूरज अग्रवाल, अरविंद यादव, राजू गुप्ता, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, कार्यकारी अध्यक्ष राम नारायण प्रसाद, जिला के प्रधान महासचिव विलियम कुजुर, महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू, केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, ललिता देवी, चिंता देवी, सीता मुनि,आशा देवी, गुड़िया देवी, विद्या मनी देवी, सीता देवी, गौरी देवी, सुरजी भक्ताईन, कमला देवी, पूर्णिमा देवी, संगीता देवी, ललिता देवी, पुष्पा देवी सहित आजसू पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कोविड के बाद बढ़ी है हार्ट अटैक की समस्या : डॉ. फरहान

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची :** हार्ट अटैक होना अब मामूली बात हो गई है। कभी भी किसी वक्त भी किसी भी उम्र के लोगों को अचानक हार्ट अटैक आ सकती है। हमने ऐसी घटनाएं सुना और देखा भी। कोविड-19 के बाद इसमें कुछ इजाफा हुआ है। इसके पीछे एक नहीं बल्कि कई कारण हैं। जैसे कोविड के दरमियान वर्क फ्रॉम होम यानी घर में ही रहकर काम करने की आदत, ऑनलाइन पढ़ाई और ऑनलाइन के माध्यम से काम करने के कारण हम घर में बैठे रह गये।हमारा शरीर बहुत ज्यादा हरकत नहीं कर पाया। एक्सरसाइज करने की भीआदत छूट गई। घर बैठे रहने के कारण अस्वस्थ होना व मोटापा बढ़ना, आम बात हो गई। सबसे बड़ी बात है खानपान में अनदेखी करना। जैसे पिज्जा,बर्गर, तेल का तला हुआ पूरी,कचौड़ी, घी युक्त रोटियां सहित चिकनी चीज खाना। वहीं दूसरी तरफ हरी सब्जियों से भी हम दूरी बना लिए। जैसे खीरा,गाजर आदि के सलाद और फ्रूट्स खाना भी कम कर दिए। यह भी एक कारण है हार्ट अटैक होने का। उक्त बातें शहर के जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट डॉ फरान शिकोह ने बातचीत में कही।



## हार्ट की शिकायतें कैसे होती है

डॉक्टर फरहान शिकोह ने बताया कि हार्ट की जो बीमारी है, इसका सबसे बड़ा कारण है, दिल में जो 3 नसें हैं,इसमें से कोई भी एक नस ब्लॉक हो जाए तो खून का आवागमन कम हो जाता है। धीरे-धीरे दिल की जो मांसपेशियां है, वह मृत होने लगती है। इसी कारण से हार्ट अटैक जैसी समस्या होती है।

## हार्ट के मरीज के लिए आपके यहां क्या व्यवस्था है

हार्ट के मरीज के लिए हमारे यहां हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध है। आप सैनिक मार्केट पहुंचे।यहां पर हमने अपना कंसलटेंसी खोल रखा है। यहां पर इसीजी, इको, टीएमटी जैसी सारी वह सुविधाएं हैं जो हार्ट के इलाज के दौरान जांचें की जाती है। वह सारी जांच की सुविधाएं हमारे यहां उपलब्ध है।सबसे बड़ी बात है कि जो भी शहर की सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है, तो वहां से करीब 30त्न के कम खर्च कर हमारे यहां इलाज की व्यवस्था की गई है।

## आजकल कम उम्र के युवाओं में भी हार्ट की समस्या हो रही है, ऐसा क्यों ?

आज से 40 साल पहले हार्ट की बीमारी बूढ़ों की बीमारी कहा जाता था। लेकिन समय में परिवर्तन हुआ। और करीब 10 से 12 सालों से यह देखा जा रहा है कि 20 साल की उम्र के युवा को भी हार्ट अटैक की समस्या होने लगी है। कुछ जगहों पर तो 14 साल और 15 साल के बच्चों में भी ऐसी शिकायतें सुनने और देखने को मिली है। इन सब के पीछे खानपान पर ध्यान नहीं देना है। जैसे पहले भी बता चुके हैं कि तेल, मसालेदार खाना खाने से बचें। साग-सब्जी, सलाद खाने पर अधिक ध्यान दें। इसके अलावा जिन लोगों को हार्ट की बीमारी होने की संभावनाएं हैं, उसमें से बीपी, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, गुटका, तंबाकू, शराब आदि का नशा करना शामिल है। इसके अलावा ज्यादा टेंशन में रहना, नींद पूरी नहीं होना, एक्सरसाइज नहीं करना, यह सब जो है हार्ट जैसी बीमारी को बढ़ावा देती है।

### कौन है डॉक्टर फरहान शिकोह

डॉक्टर फरहान शिकोह मूल रूप से गिरिडीह जिला के रहने वाले हैं। लेकिन लंबे समय से रांची में ही रह रहे हैं। एमबीबीएस, एमडी,अलीगढ़ यूनिवर्सिटी और डीएम कार्डियोलॉजी सीएमसी लुधियाना से की है। आर्किड अस्पताल में हेड ऑफ डिपार्टमेंट हैं। और अपना एक सेंटर सुकून हार्ड सेंटर के नाम से सैनिक मार्केट में खोल रखा है। जहां यह बाकी अस्पतालों से 30त्न की छूट पर अपने सुविधाएं उपलब्ध करा रहें हैं। इमरजेंसी समय में किसी भी अस्पताल में मरीज की हैसियत देखे उसे भर्ती कराने की भी इनके पास व्यवस्था है।

## इसके बचाव क्या है

हार्ट अटैक से बचाव के कोई तरीका नहीं है।क्योंकि हार्ट अटैक अचानक होता है। लेकिन हां !इससे पहले आप अपने खान-पान में ध्यान दें, तेल मसालेदार,रेड मीट खाने से बचें। सलाद, हरी सब्जी रोज खाएं। एक्सरसाइज करने की आदत रखें। आधा घंटा तेज रफ्तार से चलने की कोशिश करें। अपने शरीर को बहुत अधिक आराम करने न दें। जितना हो सके शरीर को हरकत करने दे। योगा के आदत डालें। यदि शुगर, बीपी, डायबिटीज है तो इसकी जो दवाएं ले रहे। यह नियमित लेते रहे। अपने डॉक्टर से समय-समय पर मिलकर परामर्श भी लेते रहें, यह बहुत जरूरी है।

## चलते चलते एक नजर

### हाई कोर्ट को गुमराह कर रहा नगर निगम

### सिटी मैनेजर प्रदीप कुमार के देखरेख में बिक रहा मछली



गुरुवार को मछली बाजार में मछली काटकर बेचते दुकानदार

**मेदिनीनगर :** तालाब के इर्द-गिर्द बसे नागरिकों ने बैठक कर एक बार फिर निगम पर माननीय उच्च न्यायालय में झूठा एफिडेविट देने के विरोध ने मोर्चा खोला है। स्थानीय लोगों ने राम जी राम की अध्यक्षता में एक बैठक कर कहा कि निगम हमेशा झूठा एफिडेविट माननीय उच्च न्यायालय में फाइल कर बता रहा है की तालाब की गंदगी और रोड पर गुरुद्वारा, मंदिर एवं स्कूल के सामने मछली बेचने वाले को हटा दिया गया। जबकि आज भी गुरुद्वारा, मंदिर और स्कूल के सामने तालाब से सटे मुख्य रोड के किनारे बेधड़क मांस व मछली काटकर बेचा जा रहा है। रिटायर्ड शिक्षक अजय देवघरिया ने कहा कि निगम के सिटी मैनेजर प्रदीप कुमार, जिन्हें जांच मिली है, वह माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से बेखौफ होकर स्वयं उन लोगों को संरक्षण दे रहे हैं और स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम के सिटी मैनेजर जिसे देख रहे की जवाबदेही दी गई थी। प्रदीप कुमार के द्वारा एक अच्छी राशि लेकर मछली बेचने वालों से वहां बने रहने के लिए हमेशा झूठा एफिडेविट माननीय उच्च न्यायालय में दे रहे है। सभी लोगों ने मांग की है कि न्यायालय इसे अपने स्तर से भी जांच कराए। ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। तथा न्यायालय को गलत एफिडेविट देकर गुमराह करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई हो। बैठक में भीखु राम ,नरेश साहू, विजय स्वर्णकार, रामुदी प्रसाद ,अजय विश्वकर्मा, चंचल कुमार तथा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एडीआर रिपोर्ट में दावा : देश की सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं ममता बनर्जी

**कोलकाता :** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश की सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। चुनाव आयोग को नेताओं की ओर से दिए जाने वाले हलफनामे का विश्लेषण कर एडीआर अपनी रिपोर्ट तैयार करता है। इसमें पता चला है कि ममता बनर्जी की घोषित संपत्ति महज 15 लाख रुपये है। देश के 30 राज्यों के मुख्यमंत्रियों की संपत्ति का आकलन किया गया है, जिसमें ममता की संपत्ति सबसे कम है। बाकी सभी 29 मुख्यमंत्री करोड़पति हैं। यहां तक कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की संपत्ति भी एक करोड़ रुपये है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी सबसे धनी मुख्यमंत्री हैं। उनकी संपत्ति 510 करोड़ों रुपये की है। दूसरे नंबर पर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू हैं। भाजपा के इस नेता की संपत्ति 163 करोड़ रुपये हैं। तीसरे नंबर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक हैं, जिनकी सम्पत्ति 63 करोड़ रुपये है।

# सीएम ने की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ऑफ जीआरडीए की समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड मंत्रालय में रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी के निदेशक पर्षद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जीआरडीए अंतर्गत एचईसी क्षेत्र में 45 एकड़ भूमि पर माननीय विधायकों के लिए बनाए जाने वाले आवास निर्माण से संबंधित जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। बैठक में जानकारी दी गई कि माननीय विधायकों के लिए 70 आवास बनाया जाना प्रस्तावित है। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीआरडीए) माननीय विधायकों के लिए बनाए जाने वाले आवासों में मास्टर प्लान के तहत सीवरेज ड्रेनेज, सड़क एवं पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करें ताकि ससमय आवास निर्माण कार्य को पूरा किया जा सके। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, वित्त सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव-सह-जीआरडीए निदेशक विनय कुमार चौबे,भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार, जीएम जीआरडीए बी.एन.वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर जीआरडीए एस.के.सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पलामू : रमजान में पानी की है और भी आवश्यकता : महापौर

एजेंसी

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर ने निगम द्वारा टैंकर से पानी सप्लाई का निरीक्षण करने मुस्लिम की बस्ती शाह मोहल्ला, ट्रेनिंग स्कूल एवं वार्ड नंबर 26 ,27, 28 के कई स्थानों में जाकर टैंकर द्वारा पानी सप्लाई की व्यवस्था देखी। महापौर ने कहा कि मुस्लिमों का रमजान के महीने में पानी की खपत बढ़ जाती है। कई लोग बाहर काम करने वाले इस पवित्र माह में अपने घर आते हैं और परिवार के साथ इस नेक पाक साफ त्यौहार को इकट्ठे मनाते हैं। इसलिए निगम का दायित्व है कि इस पवित्र माह में हम उन्हें भरपूर पानी उपलब्ध कराएं। महापौर ने कहा कि हमारे सभी पार्षद अपने अपने वार्ड में निगम द्वारा संचालित पानी उपलब्ध कराने मैं लगे हैं। पर फिर भी जिस वार्ड में और भी पानी जरूरत होगी उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। महापौर ने यह भी कहा कि किसी मोहल्ले के कोई भाग में अगर पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है तो मोहल्ला वासियों के सामूहिक हस्ताक्षर के साथ मुझसे मिले। मैं वहां स्पेशल टैंकर दूंगी। इस निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद हसबुन निशा नाइमा बीबी कलाम खान एवं कई गणमान्य लोग साथ में थे।




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा के द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल, 2023 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" अर्थात "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता" रखा गया है।

अग्निकांड एक भयावह प्राकृतिक आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जन सेवा में अपने प्राणों की आहुति देनेवाले अग्निशमन सेवा के बहादुर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

जोहार!

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक पूरे राज्य में "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।


मेरी आम जनता से अपील है कि आग की विभीषिका के प्रति वे सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता" रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परतापूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

जोहार!

PR NO-295105 (Jharkhand Fire Service) 23-24

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार




PR NO-295084 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार